राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 12 , अंक : 365, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 18 जुलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आने तक लोग घर वापस न जाएं : आतिशी .... पेज 03

नकली करेंसी छापने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, उत्तराखंड में छापकर यूपी के बाजारों में .... पेज 05

फिलीपींस में ज्वालामुखी से 1,624 लोग सांस की बीमारियों से पीड़ित .... पेज 07

## 2381 करोड़ रूपये के मादक पदार्थ नष्ट किये गये

### एक लाख 40 हज़ार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थो को नष्ट किया गया

नयी दिल्ली। मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो ने सभी राज्यों के मादक पदार्थ रोधी कार्रवाई बलों के साथ मिलकर सोमवार को देश भर में अलग-अलग जगहों पर 2,381 करोड़ रूपए मूल्य के एक लाख 40 हज़ार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थो को नष्ट किया गया जो एक दिन में सर्वाधिक मादक पदार्थ नष्ट करने का रिकॉर्ड है।



मादक पदार्थ तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर यहां आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान ये मादक पदार्थ नष्ट किये गये। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन के दौरान देश भर में ब्यूरो के विभिन्न एजेन्सियों के साथ समन्वय से विभिन्न हिस्सों में 2,381 करोड़ रूपए मूल्य के एक लाख 40 हज़ार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थो को नष्ट किया गया, जो एक दिन में सर्वाधिक मादक पदार्थ नष्ट करने का रिकॉर्ड है।

> ▸ मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग से ना सिर्फ आने वाली नस्लें बरबाद होती हैं, बल्कि इससे राष्टीय सुरक्षा भी प्रभावित होती है

शाह ने इस मौके पर कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग से ना सिर्फ आने वाली नस्लें बरबाद होती हैं, बल्कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय क्षेत्रीय सम्मेलनों के माध्यम से निरंतर अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान देश के सामने लक्ष्य रखा है कि जब देश की आज़ादी की शताब्दी मनाई जाए तब तक भारत और इसके युवा नशामुक्त हो जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्यों और केन्द्र दोनों को मिलकर काम करना ज़रूरी है। उन्होंने इस मौके पर परमवीर चक्र से सम्मानित निर्मलजीत सिंह सेखों को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज ब्यूरो के अमृतसर क्षेत्रीय कार्यालय के लिए 12 करोड़ रूपए की लागत से एक नए भवन का निर्माण, भुवनेश्वर कार्यालय का उद्घाटन और दिल्ली में एक नए कार्यालय का भूमिपूजन भी हुआ है।

## चंद्रयान-3 एक और ऑर्बिट ऊपर गया

बेंगलुरु। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के वैज्ञानिकों ने सोमवार को चंद्रयान-3 की दूसरी ऑर्बिट रेजिंग प्रोसेस सक्सेसफुली पूरी की। अब स्पेसक्राफ्ट 41603 किमी × 226 किमी ऑर्बिट में है। इसका मतलब है कि चंद्रयान-3 अब ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है जो पृथ्वी से सबसे करीब 226चद्ब और सबसे दूर 41,603 किमी है। स्पेसक्राफ्ट की हेल्थ भी नॉर्मल है। कक्षा बढ़ाने के लिए अगली फायरिंग मंगलवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच प्लान की गई है। इसके बाद पृथ्वी के ऑर्बिट में दो बार और फायरिंग की जाएगी। स्पेसक्राफ्ट 31 जुलाई और 1 अगस्त की मध्यरात्रि को पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ेगा। 5 तारीख को चंद्रमा की ग्रैविटी स्पेसक्राफ्ट को कैप्चर करेगी। 23 तारीख को ये चंद्रमा पर लैंड करेगा। चंद्रयान-3 में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे और 14 दिन तक वहां प्रयोग करेंगे। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा में रहकर धरती से आने वाले रेडिएशन्स का अध्ययन करेगा। मिशन के जरिए इसरो पता लगाएगा कि चांद की सतह पर कैसे भूकंप आते हैं। यह चंद्रमा की मिट्टी का अध्ययन भी करेगा। अगर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता मिली यानी मिशन सक्सेसफुल रहा तो अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा।

## कांग्रेस के डिनर में पहुंचे 26 पार्टियों के नेता

### आज दिल्ली में होगी एनडीए की मीटिंग




बेंगलुरु। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक से पहले कांग्रेस की ओर से विपक्ष के नेताओं को डिनर पर इनवाइट किया है। डिनर बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल में आयोजित किया गया। कांग्रेस पार्टी के मुताबिक, इसमें 26 दल के नेता शामिल हुए हैं।

डिनर में शामिल होने के लिए लालू प्रसाद यादव, अरविंद केजरीवाल, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत कई नेता पहुंचे। पार्टी में फूट के बाद शरद पवार कल सीधे बैठक में शामिल होंगे।

इधर, भाजपा ने भी 18 जुलाई को शाम 4 बजे दिल्ली के अशोका होटल में एनडीए की बैठक बुलाई है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इस मीटिंग में 38 दल शामिल हो रहे हैं।

एनडीए की बैठक पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- मुझे ताज्जुब है कि मोदी जी ने राज्यसभा में कहा था कि मैं सभी विपक्षियों पर अकेला भारी हूं।

अगर वो सभी विपक्षियों पर अकेले भारी हैं तो वो एनडीए की मीटिंग में 30 पार्टियों को क्यों बुला रहे हैं। उन 30 पार्टियों का नाम तो बताएं। वे हमारी मीटिंग से घबरा गए हैं।

इस बैठक से तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर राव, आंध्र प्रदेश के सीएमजगन मोहन रेड्डी, आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू और ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने दूरी बना रखी है।

### विपक्ष का नेता कौन, इस सवाल पर भड़के वेणुगोपाल

मीटिंग से पहले कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, विवेक तन्खा और डीके शिवकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वेणुगोपाल यूनिफॉर्म सिविल कोड और विपक्षी दलों के नेता के सवाल पर पत्रकारों से नाराज हो गए।

उन्होंने कहा- मणिपुर में 75 दिनों से हिंसा जारी है। प्रधानमंत्री इस पर चुप हैं। सरकार चाहती है कि विपक्ष भी चुप रहे।

राहुल गांधी की संसद सदस्यता अयोग्य ठहराया जाना जैसे बड़े मुद्दे हैं। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इस पर तो आप लोग सवाल नहीं उठाते।

## बिलकिस केस में 7 अगस्त को आखिरी सुनवाई

### सभी पक्ष अपना जवाब, दलीलें देने के लिए स्वतंत्र

नई दिल्ली। बिलकिस बानो गैंगरेप केस में 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मामले में आज निर्देश दिए जाने थे।

जवाब में बिलकिस बानो की वकील शोभा गुप्ता ने कहा कि याचिका में सभी दलीलें पूरी हो गई हैं। कोर्ट में पेश हुई सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि गुजरात सरकार ने 11 दोषियों को क्षमा करने वाला मूल आदेश अब दिया है।

हम उसमें जवाब देना चाहते हैं क्योंकि उसमें कुछ नए फैक्ट्स हैं। वृंदा और सीनियर एडवोकेट इंदिरा जयसिंह इस मामले में एक जनहित याचिकाकर्ता की ओर से पेश हो रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अंतिम सुनवाई के लिए 7 अगस्त की तारीख तय कर रहे हैं। तब तक सभी पक्ष अपने जवाब, लिखित दलीलें कोर्ट में सबमिट करें। सभी पक्ष ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं।

मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच कर रही है।

## राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से डीईआरसी अध्यक्ष चुने : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष पद के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश का नाम चुनने का सुझाव देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 20 जुलाई को करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान



दिल्ली सरकार ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और उपराज्यपाल की पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे को ये सुझाव दिया।


पीठ ने कहा, क्या हर चीज को उच्चतम न्यायालय के तौर-तरीकों के अनुसार चलना होगा। वे (मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल) एक साथ बैठ सकते हैं। दोनों सहमत नामों की एक सूची दे सकते हैं। ये दो संवैधानिक पदाधिकारी हैं। उन्हें राजनीतिक झगड़ों से ऊपर उठना होगा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी कहा कि अगर ऐसा कोई क़ानून होता तो हम एक नाम का सुझाव दे देते। हमारे पास उपयुक्त लोगों की एक पूरी टोली है।

शीर्ष अदालत के इस सुझाव पर श्री सिंघवी ने कहा, अगर वे (उप राज्यपाल) सहमत हो जाएं तो मुझे (दिल्ली सरकार को) कोई दिक्कत नहीं है।

## केदारनाथ मंदिर में मोबाइल बैन, श्रद्धालु शालीन कपड़ों में आएं

केदारनाथ। केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन ले जाने पर बैन लगा दिया गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालु अब न तो तस्वीरें ले सकेंगे और न वीडियो बना सकेंगे। ये फैसला बद्री-केदारनाथ मंदिर समिति ने लिया है। कुछ दिनों पहले एक महिला ब्लॉगर ने मंदिर के सामने अपने प्रेमी को प्रपोज किया था। वीडियो वायरल होने के बाद मंदिर प्रशासन ने नाराजगी जाहिर की थी। इसी को लेकर मंदिर समिति ने यह फैसला लिया है। श्रद्धालुओं को



मंदिर में शालीन कपड़े पहनकर आने के लिए भी कहा गया है। साथ ही मंदिर परिसर में तम्बू या शिविर न लगाने का निर्देश दिया गया है। आदेशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पूरी तरह से बैन

मंदिर परिसर में जगह-जगह बोर्ड लगाए गए हैं, जिन पर लिखा है कि मोबाइल फोन के साथ मंदिर परिसर में प्रवेश न करें। यहां फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पूरी तरह से बैन है। आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं।

हाल ही में मंदिर के गर्भ गृह में जाने से पहले ही श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन बंद कराने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अब पूरे मंदिर परिसर में ही मोबाइल पर बैन लगा दिया गया है।

### बद्रीनाथ में भी जल्द मोबाइल पर बैन लगाया जाएगा

बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि ये धार्मिक स्थान है, जहां लोग काफी आस्था से आते हैं।

भक्तों को उसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम से अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है, लेकिन वहां भी ऐसे बोर्ड लगाए जाएंगे।

## मणिपुर में फिर हिंसा, गोलीबारी में दो की मौत

इंपाल । मणिपुर में तमाम प्रयासों के बावजूद हिंसा अभी पूरी तरह शांत नहीं हुई है। रविवार रात भी दो जगहों पर गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम दो की मौत हो गई। फायरिंग की पहली घटना फैलेंग गांव में हुई तो दूसरी कांगपोकपी के थांगबुह गांव में। एक मृतक की पहचान 34 साल के जांगखोलुम हाओकिप के रूप में हुई है। इसके अलावा 16 जुलाई को ही कमिटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने नेशनल हाइवे-2 पर 72 घंटे के शटडाउन का ऐलान कर दिया।

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद संगठन ने शटडाउन का ऐलान किया है। सीओटीयू के महासचिव लाम्मिनलुन सिंगसित ने कहा, 16

### नेशनल हाइवे बंद करने का ऐलान



जुलाई की मध्य रात्रि से शटडाउन का ऐलान किया गया है। लगातार हो रहे हमले और हत्याओं को देखते हुए ऐसा किया गया है। उन्होंने कहा कि मासूम कुकी लोगों की हत्या हुई है। उनका आरोप हैकि म्यांमार से घुसपैठ होती है और वे कट्टरंथियों के साथ मिलकर हमला करते हैं। बता दें कि शनिवार को भी हिंसा हुई थी जिसमें एक अधेड़ महिला को गेली लगी थी। इंफाल ईस्ट में गोलीबारी के दौरान उसकी मौत हो गई थी। हमलावरों ने महिला की हत्या के बाद उसका चेहरा कुचल दिया था। रविवार को मणिपुर यूनाइटेड नगा काउंसिल ने नगा इलाकों में 12 घंटे के बंद का ऐलान किया था।

### मणिपुर में इंटरनेट की बहाली पर रोक नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को मणिपुर हिंसा से जुड़े तीन मामलों में सुनवाई हुई। पहला केस, राज्य में इंटरनेट को बहाल करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका से जुड़ा था। दूसरा केस, एडवोकेट दीक्षा द्विवेदी के खिलाफ हुई एफआईआर और गिरफ्तारी से मिली अंतरिम सुरक्षा को बढ़ाने की मांग का था। तीसरा केस, कुकी समुदाय की ओर से की गई आर्मी प्रोटेक्शन की मांग को लेकर था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की बेंच ने तीनों केस की सुनवाई की। बेंच ने इंटरनेट बहाली मामले में मणिपुर हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा- राज्य सरकार इससे जुड़ी परेशानियों को लेकर हाईकोर्ट का रुख कर सकती है। एडवोकेट दीक्षा द्विवेदी के केस में बेंच ने उन्हें एफआईआर को लेकर हाईकोर्ट जाने के आदेश दिए हैं। वहीं, उनकी गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा को चार हफ्तों के लिए बढ़ा दिया है। कुकी समुदाय की आर्मी प्रोटेक्शन की मांग को लेकर बेंच ने मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि राज्य में हालात कंट्रोल करने के लिए याचिकाकर्ताओं के दिए कुछ सुझावों पर कार्य करें।

### वंदेभारत के कोच के बैटरी बॉक्स में आग

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से नई दिल्ली जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस के एक कोच में आग की घटना सामने आने पर रेल प्रशासन ने फौरन गाड़ी को रोक कर आग बुझाई। पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वन्देभारत एक्सप्रेस सुबह रानी कमलापति स्टेशन से चली थी। कल्हार स्टेशन से गुजरने के दौरान वहां के स्टेशन प्रबन्धक को गाड़ी के सी-14 कोच के बैट्री बॉक्स में धुआं निकलता दिखाई दिया। उन्होंने फौरन इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों एवं कंट्रोल को दी।

**आग**



मध्य प्रदेश के सागर जिले में बीना के पास कुरवाई केथोरा रेलवे स्टेशन पर रानी कमलापति-निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन के एक कोच में लगी आग।

## यूपी एटीएस की हिरासत में सीमा हैदर

### चाचा और भाई पाकिस्तानी सेना में, घर की सुरक्षा बढ़ाई गई



जेवर। पाकिस्तानी सीमा हैदर और सचिन की लव स्टोरी में जासूसी का एंगल आ गया है। सीमा को सोमवार को एटीएस ने ग्रेटर नोएडा स्थित उसके घर से हिरासत में ले लिया है। एटीएस सीमा के साथ ही उसके चार बच्चों और सचिन को भी अपने साथ ले गई है। किसी सीक्रेट लोकेशन पर सीमा से पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, आईबी यानी इंटेलिजेंस ब्यूरो को इनपुट मिला है कि सीमा हैदर के चाचा पाकिस्तानी सेना में सूबेदार हैं। उसका भाई भी पाकिस्तानी आर्मी में है। जबकि इससे पहले सीमा ने अपने भाई को लेकर कहा था कि वह सेना में नहीं है, बल्कि सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा है। एटीएस इस इनपुट की जांच कर रही है कि यह कितना सच है।

आईबी से इनपुट मिलने के बाद एटीएस एक्शन में आ गई। सीमा हैदर के पासपोर्ट को भी जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही, उसकी मोबाइल डिटेल्स की भी दोबारा जांच की जा रही है। उधर, नोएडा पुलिस ने सीमा के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। सचिन के परिवार को किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा है। सचिन के घरवालों ने दरवाजे बंद कर लिए हैं।

### पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से कनेक्शन का शक

सीमा हैदर का मामला जब सामने आया था तो उसके पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई से कनेक्शन की चर्चा हुई थी। हालांकि, बाद में जांच एजेंसियों को इससे जुड़े कोई ठोस सबूत नहीं मिले। इसलिए मामला लव एंगल की तरफ मुड़ गया था। लेकिन अब आईबी के इनपुट के बाद फिर से जासूसी एंगल पर एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है।

**आतंकी ढ़ेर**

### मौके पर युद्ध जैसी सामग्री का भंडार बरामद किया गया

## पुंछ में दो आतंकवादी ढेर, घुसपैठ की कोशिश नाकाम

एजेंसी

जम्मू। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने सोमवार को पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा कि भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के सतर्क जवानों के संयुक्त अभियान में कल देर रात जिला पुंछ के कृष्णाघाटी सेक्टर में घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

प्रवक्ता ने कहा कि पुंछ नदी के



पास आतंकवादियों को नियंत्रण रेखा के पार से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की थी। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सतर्क जवानों ने आतंकवादी को सीमा के अंदर घुसने से रोकने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि आज तड़के आतंकवादियों ने फिर से घुसपैठ करने का प्रयास किया। आतंकवादियों की गोलीबारी के बाद सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की और भारी गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। एक आतंकवादी मौके पर ही गिर गया, जबकि दूसरे आतंकवादी को

> ▸ प्रवक्ता ने कहा कि पुंछ नदी के पास आतंकवादियों को नियंत्रण रेखा के पार से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की थी

पुंछ नदी में गिरते हुए देखा गया।

लेफ्टिनेंट कर्नल बर्तवाल ने कहा कि एक व्यापक तलाशी अभियान में घटनास्थल से एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि मौके पर युद्ध जैसी सामग्री का भंडार बरामद किया गया। जिनमें मैगजीन के साथ एक एके-74 राइफल, ग्यारह राउंड कारतूस और खाने पीने का सामान शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा, भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के सतर्क जवानों ने अपनी त्वरित कार्रवाई से घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है। आतंकवादियों का उद्देश्य पुंछ जिले में शांति भंग करना था।

पीआरओ ने कहा, सुरक्षा बल नियंत्रण रेखा पर पूरी तरह से सतर्क हैं और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को विफल करने के लिए पूरी तरह तत्पर हैं।

## दिवंगत टीआई वास्कले का परिवार अब है मेरा परिवार : शिवराज



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गत दिवस नेमावर की जामनेर नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने की कोशिश में जान गंवाने वाले बड़वानी जिले के ग्राम कोयड़िया निवासी साहसी दिवंगत टीआई राजाराम वास्कले के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। बड़वानी स्थित सर्किट हाउस पर मीडिया के समक्ष कहा कि रविवार को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हमने म.प्र शासन का जांबाज सिपाही खो दिया है।

नई दिल्ली
मंगलवार 18 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### प्राकृतिक आपदा में 22 लोग अभी भी लापता

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने सोमवार को कहा कि राज्य में आई हाल की प्राकृतिक आपदा में 22 लोग अभी भी लापता हैं। पुलिस इन लोगों के बारे में आंकड़े एकत्र कर उनकी तलाश कर रही है। पुलिस का यह खोज अभियान 15 सितंबर तक जारी रहेगा। कुंडू ने हाल ही में प्रदेश भर में आई आपदा से निपटने में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और हिमाचल पुलिस की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि थाना स्तर के अधिकारी मौके पर ऊपर से किसी आदेश का इंतजार किए बिना ही अपने स्तर पर इस तरह की चुनौती से निपटने में सक्षम हैं। कुंडु ने रविवार को कुल्लू का भी दौरा कर बाढ़ प्रभावित इलाकों का हाल जाना। डीजीपी ने कहा कि पंडोह डैम का पानी छोड़ने से ब्यास नदी में बाढ़ आई, जिससे पंडोह से लेकर मंडी शहर तक भारी तबाही हुई है। बीबीएमबी द्वारा बिना सूचना के भारी मात्रा में अचानक पानी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। अभी आपदा से निपटने का समय है। बाद में इसकी जांच की जाएगी कि आखिर गलती किस स्तर पर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से मणिकर्ण में थाना और कसोल में डीएसपी कार्यालय खोलने की मंजूरी दी गई है।

### मीनाक्षी मंदिर के पास दुकान में आग लगी

मदुरै (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में मदुरै स्थित प्रसिद्ध श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर के पास एक प्लास्टिक की दुकान में सोमवार को आग लगने से कई लाख रुपये मूल्य का सामान जल कर नष्ट हो गया। पुलिस ने कहा कि आज सुबह नियमित बिक्री के लिए दुकान खुलने के बाद भूतल में आग लग गई, जो पहली मंजिल तक फैल गई। तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के कर्मी सात दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और पांच घंटे तक जूझने के बाद आग पर काबू पा लिया। प्लास्टिक उत्पाद जलने के कारण दुकान से अभी भी गहरा धुआं निकल रहा है।दमकल कर्मियों ने आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोका। पुलिस ने एहतियात के तौर पर साउथ मासी स्ट्रीट पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है। आग लगने की घटना में किसी के घायल होने की रिपोर्ट नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में दो अलग अलग घटनाओं में तीन लड़कियों समेत सात की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आज राजनांदगांव एवं बिलासपुर जिलों में हुई अलग अलग घटनाओं में सात लोगो की मौत हो गई। मृतकों में तीन लड़कियां है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के छुरिया में बोईरडीह स्थित एक पुल में दो मोटर साइकिल की भिड़ंत में चार युवाओं हितेश चौरे, दिलीप गोड़,शिव नेताम और मोमेन कुंजाम की मौत हो गई और एक युवक तिलक मंडावा घायल हो गया। दूसरी घटना बिलासपुर जिले में हुई। पुलिस के अनुसार बिलासपुर शहर से लगभग 10 किमी दूर अरपा नदी में नहाते समय सेंदरी गांव की तीन लड़कियों की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में दो सगी बहनें है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां जारी शोक संदेश में दोनो घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

### विकास पर्व के पहले दिन जिलों में लगभग 8 हजार 531 करोड़ के भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**भोपाल।** विकास पर्व के पहले दिन मध्यप्रदेश में बड़ी संख्या में विकास कार्यों का भूमि-पूजन/लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धार एवं बड़वानी जिले में विकास पर्व की शुरूआत की। आधिकारिक विज्ञप्ति में यह दावा किया गया कि चौहान ने धार जिले में 2771 करोड़ 16 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया और बड़वानी जिले में 1 हजार 328 करोड़ 75 लाख की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विकास पर्व के दौरान जिला बड़वानी, धार, पन्ना, रतलाम, ग्वालियर, गुना और बालाघाट में लगभग 8 हजार 531 करोड़ रूपये भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किये गये। प्रदेश भर में 16 जुलाई से 14 अगस्त तक विकास पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश में लगभग 2 लाख करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन संभावित है। साथ ही जन-सेवा यात्राएं, जन-संवाद, हितग्राही सम्मेलन होंगे।

### भारत कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने में प्रथम स्थान प्राप्त करे : कांत

नयी दिल्ली। भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने देश के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारित करते हुए सोमवार को कहा कि भारत को दुनिया में कार्बन उत्सर्जन से बचते हुए औद्योगिक रूप से विकसित होने वाले पहले देश का दर्जा हासिल करने का लक्ष्य साधना होगा। कांत वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) की ओर से यहां आयोजित कार्यक्रम 'कनेक्ट करो 2023' को सम्बोधित कर रहे थे। कनेक्ट करो 2023 डब्ल्यूआआई, इंडिया का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसके जरिए भारत तथा दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले विभिन्न हितधारकों को अपने अनुभव और नजरियों को साझा करने का एक प्लेटफार्म मिलता है। साथ ही साथ इससे पर्यावरण-संरक्षण और स्वस्थ तरीके से आर्थिक विकास संबंधी प्रमुख चुनौतियां को लेकर सार्थक प्रतिक्रिया तलाशने के लिए आपसी सहयोग को आसान बनाने में भी मदद मिलती है। कांत ने कहा, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कुल कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान सिर्फ 1.3 प्रतिशत है लेकिन भविष्य में भारत में जिस तरह से नगरीयकरण और औद्योगिकीकरण बढ़ेग।


### जी- 20 वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 20 जुलाई से

नयी दिल्ली। जी-20 वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन 20 जुलाई से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा जिसमें 30 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और 25 अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ 40 से अधिक देशों के खाद्य नियामक भाग लेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन पहली बार जी-20 कार्यक्रम के रूप में दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण 20 जुलाई और 21 जुलाई करेगा। उन्होंने इस मौके पर शिखर सम्मेलन के प्रतीक चिह्न का अनावरण भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल भी उपस्थिति रहे। मांडविया ने कहा कि यह पहली बार है कि शिखर सम्मेलन रोम, इटली के बाहर आयोजित किया जा रहा है। वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन खाद्य सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलू पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### कृषि विज्ञान केंद्रों को और प्रभावशाली बनाने का प्रयास जारी : पाठक

नयी दिल्ली 17 जुलाई (वार्ता) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने सोमवार को कहा कि किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों को और प्रभावशाली बनाने के प्रयास जारी हैं। डॉ पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को प्रभावशाली होने से इसका लाभ किनानों को तुरंत मिलेगा ।केंद्रों के रिक्त पदों को भरा जा रहा है और जहां यह काम अबतक पूरा नही हुआ है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा ।देश में 725 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र हैं ।उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को आधुनिक तकनीक और ज्ञान से लैश कराया जा रहा है तथा उन्हें जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिषद के संस्थान अपने संसाधनों से आय अर्जित करते हैं जिसे वे अपने विकास कार्यों पर खर्च कर सकते हैं।

## वीर सावरकर हवाई अड्डे के नए भवन का मोदी आज करेंगे उद्घाटन



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलावार को पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, पोर्ट ब्लेयर के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का पूर्वाह्न 10: 30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि वहां नए टर्मिनल भवन का निर्माण लगभग 710 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है जो केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान-नीकोबार के लिए संपर्क सुविधाओं के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लगभग 40,800 वर्गमीटर के कुल निर्मित क्षेत्र वाला यह नया टर्मिनल भवन प्रति वर्ष लगभग 50 लाख यात्रियों के आवागमन को संभालने में सक्षम होगा।

वहां हवाई अड्डे पर 80 करोड़ रुपये की लागत से दो बोइंग-767-400 और दो एयरबस-321 प्रकार के विमानों के लिए उपयुक्त एप्रन का भी निर्माण किया गया है, जिससे यह हवाई अड्डा अब एक समय में दस विमानों की पार्किंग करने में सक्षम हो गया है।

बयान के मुताबिक प्रकृति से प्रेरित इसका वास्तुशिल्प डिजाइन, समुद्र और द्वीपों को दर्शाते हुए एक शंख के आकार की संरचना जैसा दिखता है। नए हवाईअड्डा भवन में गर्मी को कम करने के लिए दोहरी इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, प्राकृतिक रूप से सूर्य के प्रकाश का अधिक से अधिक प्रवेश कराने के लिए रोशनदानों की व्यवस्था, एलईडी लाइटिंग, गर्मी कम करने वाली ग्लेज़िंग जैसी स्थिरता वाली कई विशेषताएं हैं।

इस भवन में भूमिगत जल टैंक में वर्षा जल संग्रहण, शत-प्रतिशत शोधित अपशिष्ट जल को लैंडस्कैपिंग (भूदृश्य) के लिए दोबारा उपयोग करने के साथ ऑन-साइट सीवेज शोधन संयंत्र तथा 500 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की व्यवस्था भी की गयी है।

## सड़क दुर्घटना में ट्रैफिक पुलिसकर्मी सहित तीन की मौत

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के मलूरा शाल्टेंग इलाके में सोमवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में मारे गए तीन लोगों में एक यातायात पुलिसकर्मी भी शामिल है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ट्रैफिक पुलिस नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने कहा कि एक टिप्पर चालक ने अपने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे उसका वाहन आज दोपहर पेट्रोल पंप मलूरा के पास एक तिपहिया वाहन और एक कार में टकरा गया, जिसके परिणामस्वरूप एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। घटना में कुछ अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतक पुलिसकर्मी दुर्घटना के समय सड़क पर ड्यूटी पर था, मृतक की पहचान पट्टन बारामूला के निवासी जहूर अहमद खान के रूप में हुई है।

## अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुए 6216 तीर्थयात्री



**जम्मू।** बम बम भोले के जयकारों के बीच सोमवार को 6216 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए अमरनाथ गुफा रवाना हुआ।

एक अधिकारी ने बताया कि 6216 तीर्थयात्रियों का एक जत्था 225 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुआ। वहीं, 3164 तीर्थयात्री (2386 पुरुष, 647 महिलाएं, छह बच्चे, 78 साधु और 21 साध्वी) 122 वाहनों में पहलगाम के लिए रवाना हुए।

इसी तरह से 3052 तीर्थयात्री (1818 पुरुष, 1224 महिलाएं, 10 बच्चे) कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 103 वाहनों के काफिले में बालटाल के लिए रवाना हुए। एक अधिकारी ने कहा कि प्रशासन और सरकारी एजेंसियों के सहयोग से रविवार को 20806 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में सुचारू रूप से और आराम से भोलेनाथ के दर्शन किए।

उन्होंने कहा कि इस साल जुलाई महीने के पंद्रह दिनों में यात्रियों की कुल संख्या दो लाख से अधिक रही। उन्होंने कहा कि मौजूदा अमरनाथ यात्रा के दौरान कुल 229221 श्रद्धालुओं ने तीर्थयात्रा की है।

उल्लेखनीय है कि अमरनाथ यात्रा 01 जुलाई को शुरू हुई थी और 31 अगस्त को समाप्त होगी।

## मनाली के हनुमान टिब्बा में मिले लापता दो ट्रैकर के शव

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की पर्यटन नगरी मनाली के हनुमान टिब्बा में लापता हुए दो ट्रैकर के शव बरामद कर लिए गए है। हनुमान टिब्बा के रास्ते में टेंटु गली नामक स्थान में दोनों शव बर्फ में दबे मिले। पच्चीस सदस्यीय रेस्क्यू टीम द्वारा शव को मनाली लाया जा रहा है। तीन पर्वतारोही मनाली जगतसुख और चौथी महिला पर्वतारोही कर्नाटक की रहने वाली है। सभी को 09 जुलाई को लापता होने की सूचना मिली थी। उसके बाद उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मनाली ने बचाव टीम को मौके पर भेजा।

दो पर्वतारोही विशाल और कर्नाटक की महिला हर्षा गणपति पाल को रेस्क्यू कर लिया था, जबकि जोनी और रवि लापता थे। रविवार को रेस्क्यू टीम को दोनों शव मिल गए हैं।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले चार पर्वतारोही हनुमान टिब्बा की ओर गए थे। तीन पर्वतारोही मनाली जगतसुख के रहने वाले थे, जबकि चौथी महिला पर्वतारोही कर्नाटक की रहने वाली है। इसके बाद दो दिन पहले जगतसुख से 25 सदस्यों की रेस्क्यू टीम हनुमान टिब्बा की ओर गई। शुक्रवार और शनिवार को अटल बिहारी पर्वतारोहण एवं खेल संस्थान से दो टीमें भेजी गईं। दोनों युवक ग्लेशियर की खाई में फंसे थे। वहां हिमस्खलन हुआ था।

## एक किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के रूद्रपुर में मादक द्रव्य निरोधक बल , पुलिस और विशेष कार्य बल ने संयुक्त कार्रवाई कर उत्तर प्रदेश के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलोग्राम से अधिक अफीम बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात को रूद्रपुर की रम्पुरा पुलिस की अगुवाई में रामपुर रोड पर तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक मोटर साइकिल सवार पुलिस टीम को देखकर वापस भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी रूम सिंह निवासी ग्राम जगन्नाथपुर, मजरा, थाना सिरौली, जिला बरेली को पकड़ लिया।

## आतंकवादियों से संबंध के आरोप में पीआरओ, पुलिस कांस्टेबल बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों के लिए काम करने के आरोप में कश्मीर विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ), राजस्व विभाग के एक अधिकारी और एक पुलिस कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।




अधिकारी ने बताया कि कश्मीर विश्वविद्यालय के पीआरओ फहीम असलम, राजस्व विभाग के अधिकारी मुरावथ हुसैन मीर और पुलिस कांस्टेबल अर्शीद अहमद थोकर को जांच के बाद बर्खास्त कर दिया गया, क्योंकि जांच में यह साफ हो गया था कि ये तीनों कथित रूप से 'पाकिस्तान की आईएसआई और आतंकवादी संगठनों की ओर से काम कर रहे थे।

अधिकारी ने कहा, तीनों को पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के साथ सक्रिय रूप से काम करने, आतंकवादियों को रसद मुहैया कराने, आतंकवादी विचारधारा का प्रचार करने, आतंक के लिए धन जुटाने और अलगाववादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार ने संविधान की धारा 311 (2) (सी) को लागू किया है।

पाकिस्तान की आईएसआई और आतंकवादी संगठनों की ओर से काम करने की शंका होने पर कड़ी जांच के बाद भारत ने तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।

## अनुराग ने कांग्रेस का पर्दाफाश करने का किया आह्वान

बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के अपने दौरे के दौरान कहा कि कार्यकर्ता सुक्खू सरकार की झूठी गारंटी को भी प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि लोगों को उनके झूठ के बारे में पता चल सके।

ठाकुर ने 2024 के लोकसभा चुनावों की रूपरेखा बताने और पार्टी तथा संगठन को मजबूत करने के बारे में चर्चा करने के लिए रविवार रात घुमारवीं और झंडूता में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ बोलने वालों की पार्टी है और उसने कभी भी सही मायने में काम करने में विश्वास नहीं किया।

ठाकुर राहत और बचाव कार्यों की निगरानी और भारी बारिश एवं बाढ़ के कारणों को जानने के लिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के चार दिवसीय दौरे पर हैं। यहां बैठक के बाद उन्होंने जिले के विभिन्न हिस्सों में बारिश से हुए नुकसान का भी जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने दधोल, बिलासपुर, घुमारवीं और स्वारघाट का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपदा के आकलन में तेजी लाने और तत्काल मदद सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

ठाकुर ने कहा जनता का दर्द मेरा दर्द है और मेरी पूरी सहानुभूति आपदा से प्रभावित लोगों के साथ है।केंद्र सरकार लोगों के साथ है और उन्हें हर तरह की मदद और राहत प्रदान की जाएगी, ताकि वे शांतिपूर्ण जीवन जी सकें। ठाकुर ने कहा कि यह राज्य सरकार का गलत फैसला है और कांग्रेस सरकार को जनहित में यह फैसला वापस लेना चाहिए। आपदा के समय में पहले से ही जनता पर बोझ है। केंद्र सरकार ने एक बार नहीं बल्कि दो बार कर कम किया है, लेकिन गैर-भाजपा राज्य सरकारों ने कर लगाकर जनता पर और अधिक बोझ बढ़ा दिया है, जिससे साबित होता है कि वे जनविरोधी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार अभी भी जनविरोधी फैसले ले रही है और ताजा फैसला भी जनविरोधी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में आई आपदा से राज्य सरकार को बिना किसी राजनीतिक विचार के लोगों को जल्द राहत देनी चाहिए और सभी लोगों को राहत देकर उनकी मदद करनी चाहिए।

## राजस्थान विधानसभा में भाजपा सदस्यों का सदन से दो बार बहिर्गमन

जयपुर। राजस्थान की पन्द्रहवीं विधानसभा के फिर से शुरु हुए अष्टम सत्र के दूसरे दिन सोमवार को भी विपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने हंगामा किया और दो बार सदन का बहिर्गमन किया।

प्रश्नकाल में विधायक चन्द्रकांता मेघवाल के सवाल केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी के जवाब के बाद जब खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे तभी नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने पूरक प्रश्न किया जिसे अध्यक्ष डा सी पी जोशी ने अप्रासंगिक बताते हुए इसकी अनुमति नहीं देने पर श्री राठौड़ ने कहा कि यह अप्रासंगिक कैसे हो गया। इस पर अध्यक्ष और श्री राठौड़ में नोकझोंक हो गई और इस दौरान भाजपा के अन्य सदस्य भी बोलने लगे और वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे।

डा जोशी ने कहा कि अध्यक्ष को डिक्टेट नहीं किया जा सकता। अगर सदन नहीं चलाना है तो मत चलाइए। भाजपा सदस्य कुछ देर वेल में नारेबाजी करने के बाद 11 बजकर 21 मिनट पर सदन का बहिर्गमन कर गए और प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद सदन में लौटे।

## भाजयुमो की ओर से पेपरलीक मामले में किया जाएगा घेराव

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से राजस्थान लोकसेवा आयोग का पेपरलीक मामले में घेराव किया जायेगा। अजमेर में बेरोजगार युवाओं को महाघेराव में आमंत्रित करने का काम कर रही आईटी सेल की टीम इसे सफल बनाने में जुटी है। आईटी सेल के साथ भाजपा युवामोर्चा के अध्यक्ष राहुल जयसवाल ने बताया कि लोकसेवा आयोग के महाघेराव से पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पर आयोजित सभा को प्रदेश अध्यक्ष सी.पी.जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, अजमेर एवं अलवर सांसद भागीरथ चौधरी एवं बाबा बालकनाथ भी सम्बोधित करेंगे। इसमें भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता तथा विधायक गण भी मौजूद रहेंगे ।

सभा के बाद महाघेराव के लिये राजस्थान लोकसेवा आयोग मुख्यालय की ओर कूच होगा ,जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दे दी गई है।उन्होंने बताया कि पेपरलीक प्रकरण के मामलों से राज्य के युवा त्रस्त हैं , उनमें आक्रोश है । कांग्रेस सरकार ने साढ़े चार साल में बेरोजगारों के साथ छलावा करने का काम किया है।

## वंदेभारत के एक कोच में आग, जांच के बाद की गई रवाना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से नई दिल्ली जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस के एक कोच में आग की घटना सामने आने के बाद समूची जांच-पड़ताल के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वन्देभारत एक्सप्रेस सुबह रानी कमलापति स्टेशन से चली थी। कल्हार स्टेशन से गुजरने के दौरान वहां के स्टेशन प्रबन्धक को गाड़ी के सी-14 कोच के बैट्री बॉक्स में धुआं निकलता दिखाई दिया।

## लक्सर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आवश्यक सुविधा मुहैया करायें : हाईकोर्ट

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रूड़की के लक्सर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम दुरूस्त करने के साथ ही आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से संज्ञान में लाने के बाद उच्च न्यायालय की ओर से इस मामले में जनहित याचिका दायर कर ली गयी। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में इस मामले में सुनवाई हुई। अधिवक्ता शुभ्र रस्तोगी की ओर से अदालत को बताया गया कि विगत दिनों सोलावी नदी पर बांध टूटने से



लक्सर क्षेत्र में बाढ़ आ गयी। प्रशासन बाढ़ पूर्व सूचना देने में असफल रहा। क्षेत्र में चार फीट पानी भर गया। जिससे लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा।

बाढ़ प्रभावितों को खाना, पानी, दूध एवं दवाई उपलब्ध नहीं करायी गयी। प्रशासनिक तंत्र बुरी तरह से विफल रहा। राज्य आपदा प्रबंधन बल और अन्य एजेंसी कोई भी मौके पर राहत व बचाव के लिये नहीं पहुंची।

याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि लक्सर का ड्रेनेज सिस्टम फेल हो गया है। बाढ़ आने के साथ मगरमच्छ व घड़ियाल आबादी क्षेत्र में आ गये। नगर पालिका की ओर से क्षेत्र में न तो दवाई का छिड़काव किया जा रहा है और न साफ सफाई की व्यवस्था की जा रही है। जिससे अब महामारी फैलने की आशंका है। दूसरी ओर सरकार और नगर पालिका की ओर से कहा गया कि क्षेत्र में स्थिति सामान्य होने लगी है। प्रशासन मुस्तैद है।

## कृषि हितैषी योजनाओं ने लौटाया हरेली का उत्साह : भूपेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा हैं कि हरेली त्योहार केवल गेड़ी चढ़ने का नहीं बल्कि जीवन के उल्लास का त्योहार है। उल्लास ऐसे ही नहीं आता,इसके लिए वातावरण बनाना होता है।

बघेल ने अपने निवास पर आज यहां परम्परागत ढ़ग से उल्लासपूर्वक वातावरण में आयोजित हरेली दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने से पहले प्रदेश में किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। पिछले पौने पांच सालों में हमारी सरकार ने कृषि हितैषी नीतियां बनाई जिससे किसान के घर खुशियां



लौटीं हैं। आज हरेली के त्योहार पर जो अपूर्व उल्लास किसानों के बीच छलक रहा है उससे बहुत खुशी हो रही है।

उन्होंने कहा कि हमने किसान-मजदूर को लक्षित कर योजनाएं बनाईं। इससे कृषि का रकबा बढ़ा और अब तो प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने के निर्णय से यह उल्लास अपने चरम पर है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से दूध उत्पादन बढ़ा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति बेहतर होने से त्योहार का उल्लास अपने चरम पर है। उन्होंने प्रदेशवासियों को हरेली त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए अच्छी फसल और किसानों की समृद्धि की कामना की। बघेल ने कहा कि आज आदिवासी क्षेत्रों में भी खुशी का माहौल है।

हमारे पूर्वजों द्वारा बरसों से तैयार की गई संस्कृति नष्ट हो रही थी। इसे सहेजने-संरक्षित करने का प्रयास हमने किया है और बहुत बढ़िया काम हो रहा है। आदिवासी अंचल में आस्था केन्द्रों को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है। नारायणपुर में घोटुल का संरक्षण किया गया है। बस्तर के आसना में बादल के माध्यम से आदिम संस्कृति को सहेजने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति को पुनर्स्थापित करने के लिए हम शुरू से ही कार्य कर रहे है। मजदूरों, किसानों का परंपरागत भोजन बारे-बासी अब फाइव स्टार होटल तक पहुंच गया है। अपनी संस्कृति को सम्मान और पहचान मिलने से गौरव महसूस कर रहे हैं और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया वाक्य चरितार्थ हो रहा है।

## झंडा दिवस पर दान राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन : पटेल



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि झंडा दिवस पर दान, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। कभी संपन्न और समृद्ध लोग राष्ट्र की रक्षा के लिए जीवन समर्पित करने वाले सैनिकों, उनके परिजनों के सहयोग के लिए आगे आएं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री पटेल आज यहां राजभवन में समामेलित विशेष निधि राज्य प्रबंधन समिति की 22वीं वार्षिक बैठक के बाद समिति के पदाधिकारियों, सैनिक कल्याण के अधिकारियों और दानदाताओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, जनरल ऑफिसर कमांड हेडक्वार्टर मध्य भारत एरिया जबलपुर लेफ्टिनेंट जनरल एम.के. दास, अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शार्ट न्यूज

### तमिलनाडु के मंत्री के परिसरों पर ईडी की छापेमारी , केजरीवाल ने की निंदा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित धन शोधन मामले में तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के पोनमुडी एवं उनके पुत्र के कई परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की निंदा की और आरोप लगाया कि वह राजनीतिक दलों को तोड़ने तथा सभी विपक्षी नेताओं को ईडी से डराने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने अपने ट्वीट में कहा हम तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के परिसरों पर ईडी की छापेमारी की कड़ी निंदा करते हैं। वे पार्टियों को तोड़ने और ईडी से सभी को डराने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन ईडी के लिए राजग के पास कोई साझेदार नहीं बचेगा और भाजपा के कई नेता पार्टी छोड़ जायेंगे। आप ईडी के जरिए भारत जैसे महान देश को डरा या नियंत्रित नहीं कर सकते। गौरतलब है कि ईडी ने कथित धन शोधन मामले में आज सुबह श्री पोनमुडी और उनके पुत्र गौतम सिगामणि से संबंधित परिसरों पर छापेमारी के बाद आयी।

### सिविल लाइंस इलाके में छोटा हाथी वाहन ने आठ को मारी टक्कर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में हादसा हो गया है। हादसा उस वक्त हुआ जब पाकिस्तानी हिंदू कैंप में वापस लौट रहे थे। हादसे में चार बड़े और चार बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मजनू का टीला के पास गुरुद्वारा जुग्गी से एक कॉलर की कॉल आई। उसने बताया कि यहां कुछ बच्चों को छोटा हाथी वाहन ने टक्कर मार दी है। जिन्हें लेकर अस्पताल लेकर गए हैं। घटना दोपहर 1: 45 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी हिंदू कैंप में रहने वाले 8 लोग मैगजीन रोड स्कूल से खाना लेने गए थे। दोपहर करीब 1: 45 बजे वे अपने कैंप वापस लौट रहे थे। तभी स्कूल के सामने सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान एक छोटा हाथी वाहन ने टक्कर मार दी। आरोपी ड्राइवर का नाम रोहित कुमार निवासी मुजफ्फरनगर यूपी का बताया जा रहा है। उसकी उम्र 23 साल है। स्कूल के पास गश्त कर रही स्थानीय पुलिस ने हमलावर वाहन का पीछा किया और चालक को पकड़ लिया। सभी 8 घायलों को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। बच्चों समेत सभी बयान के लिए फिट हैं। ड्राइवर भी घायल हो गया।

### दिल्ली विश्वविद्यालय ने जारी की नई तारीखें, बाढ़ के कारण रद्द हुई थीं परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने बाढ़ के कारण रेगुलर, एनसीवेब और एसओएल की दूसरे सेमेस्टर की रद्द की गई थ्यौरी परीक्षाओं और प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए नई तिथियां जारी कर दी हैं। नए शेड्यूल के अनुसार, 17 जुलाई वाली परीक्षा अब 26 जुलाई (दोनों पालियों) को होंगी। 18 जुलाई वाली परीक्षा दोनों पालियों के लिए एक अगस्त, 19 जुलाई वाली परीक्षा दोनों पालियों के लिए दो अगस्त को होगी। इसी तरह से प्रैक्टिकल की जो परीक्षा 14 जुलाई को होनी थी, वह तीन अगस्त, 15 जुलाई वाली चार अगस्त, 16 जुलाई को होने वाली परीक्षा पांच अगस्त को होगी। मालूम हो कि बीते सप्ताह दिल्ली में बाढ़ की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए स्कूल और कॉलेज बंद होने के कारण यह परीक्षाएं रद्द की गई थी। प्रशासन की ओर से पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि 20 जुलाई को उसके बाद होने वाली परीक्षाएं पूर्व में तय तिथियों पर ही आयोजित होंगी।

### नोएडा में नाले में मिला नर कंकाल

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-136 में नाले के किनारे झाड़ियों में कंकाल फंसा मिला है। स्थानीय लोगों ने देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कंकाल पुरुष का लग रहा है। उसे कब्जे में ले लिया गया है। जांच भी शुरू कर दी है। शख्स की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से उसके बारें में पूछताछ कर रही है। अंदेशा है कि बारिश के कारण नालों में पानी का तेज बहाव होने से शव कहीं से बहकर आ गया होगा। उसके बाद यहां आकर झाड़ियों में फंस गया होगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने आसपास के थानों में भी संपर्क किया है। बताया गया कि बाढ़ और बारिश की वजह से ये यहां बहकर आ गया है। फिलहाल अभी देखा जा रहा है कि कंकाल कितने दिन पुराना है। उसके आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

### साया ग्रुप देगा 2000 लोगों को रोजगार

नोएडा। एक्सप्रेस वे स्थित साया ग्रुप इंडिया का सबसे लंबा मॉल बनाने जा रहा है। सोमवार को साया ग्रुप की तरफ से घोषणा की गई। साया स्टेटस के नाम से बन रहे मॉल में करीब 2000 से 2500 तक स्किल और नान स्किल लोग काम करेंगे। यह दिल्ली एनसीआर का सबसे बड़ा कॉमर्शियल प्रोजेक्ट है। जहां एक साथ इतने लोगों को काम करने का अवसर मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में 2000 हजार करोड़ का निवेश किया जा रहा है। यह मॉल जनवरी 2025 में डिलीवरी होगा। इसके अलावा मॉल डिलीवरी के बाद 14 लाख रिटेल एरिया में भी कई हजार नौकरियां मिलेंगी। इस अवसर पर साया ग्रुप के एमडी विकास भसीन ने कहा की ये हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे इस प्रोजेक्ट साया स्टेटस में 2000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। वर्तमान समय में जिस तरह से रोजगार की समस्या बढ़ रही है, ऐसे में इतनी संख्या में एक साथ लोगों को रोजगार मिलना खुशी की बात है। और साया ग्रुप द्वारा इंडिया के सबसे लंबे मॉल साया स्टेटस को दिल्ली एनसीआर में एक पहचान दिलाएगी।

### गाजियाबाद में रेपिस्ट पिता को उम्रकैद

मोदीनगर (गाजियाबादठ)। मोदीनगर में कोर्ट ने मासूम बच्चों से दुष्कर्म, कुकर्म करने के मामले में आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने पत्नी से तलाक के बाद अपने साथ रह रहे मासूम बच्चों के साथ दरिंदगी की। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ 71 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला मोदीनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी का है। यहां पर पीड़ित बच्चों के दादा ने 16 अगस्त 2020 को मोदीनगर थाने में अपने बेटे अमोल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अमोल अपनी 8 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म और 10 साल के बेटे के साथ कुकर्म किया है। पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार ने बताया कि दादा की तहरीर पर पिता अमोल के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम एवं बच्चों के साथ दुष्कर्म और कुकर्म करने की धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने छानबीन के बाद आरोपी पिता अमोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायधीश हर्षवर्धन की अदालत में इस मामले में अंतिम सुनवाई हुई।

### फंड के पैसे के लिए पिता को मार डाला

**मोदीनगर ( गाजियाबाद )।** गाजियाबाद जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोनू पाल को मुरादनगर पुलिस रिमांड पर लाई है। पुलिस ने बदमाश को रिमांड पर लाकर 10 माह पहले हुए गांव बंदीपुर गेट पर सतेन्द्रपाल की हत्या का खुलासा कर दिया है। मोनू पाल ने ही भाई को नौकरी दिलाने व फंड का पैसा हड़पने के लिए अपने पिता सतेन्द्र पाल की हत्या की थी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली है। बता दें कि बीती 19 सितम्बर 2022 को गांव बंदीपुर गेट पर बिजली कर्मचारी सतेन्द्र पाल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में मृतक के पुत्र सोनू पाल ने आठ लोगों को नामजद कराया था। पुलिस को शुरू से ही हत्या करने का शक मोनू पाल पर ही था। इसकी जांच मोदीनगर थाने को ट्रांसफर भी की गई थी। अब इस हत्याकांड का जांच मुरादनगर पुलिस कर रही थी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोनू पाल को पीसीआर पर लाया गया। जब मोनूपाल से गहनता से पूछताछ की तो उसने अपने पिता सतेन्द्र पाल की हत्या करने की बात कबूल कर ली। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि मेरे पर कई मुकदमे चल रहे थे, जो गवाही पर आ गए थे।

# जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आने तक लोग घर वापस न जाएं : आतिशी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने सोमवार को राहत शिविरों में रह रहे लोगों से अपील की कि बाढ़ का पानी खतरे के निशान से नीचे आने तक वे घरों को न लौटें।



आतिशी ने अपने ट्वीट में कहा , रविवार को हरियाणा के कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण आज यमुना का जलस्तर थोड़ा बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने अनुमान जताया है कि रात में जल स्तर 206.1 मीटर तक पहुंच सकता है। इससे दिल्ली के लोगों को कोई खतरा नहीं है लेकिन राहत शिविरों में रह रहे सभी लोगों से अनुरोध है कि वे अभी अपने घर वापस न जाएं तथा जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आने के बाद ही अपने घरों को वापस जाएं।

इस बीच दिल्ली यातायात पुलिस ने यमुना नदी का जलस्तर कम होने के बाद कई सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया है। रिंग रोड पर वजीराबाद फ्लाईओवर से मजनू का टीला से आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच दोनों कैरिजवे पर मध्यम और हल्के वाहनों के लिए, आईएसबीटी कश्मीरी गेट से सलीमगढ़ बायपास होते हुए आईपी फ्लाईओवर तक कैरिजवे पर मध्यम और हल्के वाहनों के लिए यातायात की अनुमति दे दी गयी है। पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि आईपी फ्लाईओवर से ठीक पहले जलजमाव के कारण विकास मार्ग की ओर बाएं मुड़ें और फिर सराय काले खां की ओर जाने के लिए लूप या यू टर्न लें।

यातायात अधिकारियों ने बताया कि सराय काले खां से आईपी फ्लाईओवर तक गीता कॉलोनी अंडरपास से आईएसबीटी की ओर रिंग रोड कैरिजवे हनुमान सेतु के माध्यम से मध्यम और हल्के वाहनों के लिए खोला गया है। वहीं मुकरबा से वजीराबाद तक बाहरी रिंग रोड, दोनों कैरिजवे हल्के वाहनों और बसों के लिए खोले गए हैं, जबकि रिंग रोड राजघाट से शांति वन-मंकी ब्रिज-यमुना बाजार अभी भी बंद है।

### सरकार दिल्ली-एनसीआर में 55-60 रुपये किलो के भाव पर दे रही है चना दाल

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने भारत दाल ब्रांड के तहत 60 रुपये प्रति किलोग्राम के रियायती दर पर चने की दाल की बिक्री की शुरुआत करने की सोमवार को घोषणा की। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस अभियान के तहत सरकारी गोदामों में पड़े चने से तैयार दाल का 30 किलोग्राम का रियायती पैक 55 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर उपलब्ध कराया जा रहा है।



उपभोक्ता विभाग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नाफेड) की खुदरा दुकानों पर चना दाल बेच रहे हैं। सरकारी गोदामों में जमा चना स्टॉक से दाल तैयार करा कर उसे 'भारत दाल' छाप के साथ उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर दालें उपलब्ध कराने की दिशा में केंद्र सरकार का एक बड़ा कदम बताया गया है। चने की दलाई और पैकेजिंग नेफेड ही करवा रहा है। इसे सब्सिडी के साथ दिल्ली-एनसीआर में नाफेड की खुदरा दुकानों के साथ साथ एनसीसीएफ, केंद्रीय भंडार और सफल की दुकानों के माध्यम वितरित करने की व्यवस्था की गयी है। इस व्यवस्था के तहत, चना दाल राज्य सरकारों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं, पुलिस, जेलों और उनके उपभोक्ता सहकारी दुकानों के माध्यम से वितरण के लिए भी उपलब्ध कराई जा रहीहै।

# दिल्ली वाले अध्यादेश पर गुरुवार से सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग को लेकर आए केंद्र सरकार के अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सोमवार को पेश किया गया। अदालत ने कहा कि हम इस मामले को 5 जजों की संवैधानिक बेंच में भेज सकते हैं, जो इस पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे संशोधन के मामले संविधान बेंच को दिए जाने चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि केंद्र सरकार ने आर्टिकल 293(7) का इस्तेमाल करते हुए संविधान में संशोधन किया है। इससे दिल्ली सरकार के नियंत्रण सेवाओं को वापस लिया जाएगा। क्या इसकी अनुमति है? मैं मानता हूं कि संवैधानिक बेंच को इस मामले पर विचार करना चाहिए। अदालत को जवाब देते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला संसद में जाएगा। मॉनसून सेशन में इसे पेश किया जाना है। इसलिए फिलहाल इस मामले पर सुनवाई को टाल देना चाहिए। वहीं दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जब सारी बातें साफ ही हैं तो इसे संवैधानिक बेंच में भेजने का कोई मतलब नहीं है।

चीफ जस्टिस ने कहा, मसला यह है कि संसद के पास अधिकार है कि वह केंद्र सूची के मसलों पर कानून बना सकेगी। तीसरी समवर्ती सूची है। यह समझना होगा कि इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से संशोधन किया जा सकता है या नहीं।

दरअसल दिल्ली अध्यादेश का मामला राजनीतिक रंग ले रहा है।

### दिल्ली में डेंगू का डंक, अब तक 150 से ज्यादा केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इस बीच डेंगू जैसी बीमारी ने भी राष्ट्रीय राजधानी में पांव पसारना शुरू कर दिया है। दिल्ली में इस हफ्ते डेंगू के 27 केस सामने आए हैं। एमसीडी की तरफ से जानकारी दी गई है कि इस साल अभी तक डेंगू के 163 मामले सामने आए हैं। इससे पहले जुलाई माह में वर्ष 2018 में 19, वर्ष 2019 में 18, वर्ष 2020 में 11, वर्ष 2021 में 16, वर्ष 2022 में 26 डेंगू के मामले दर्ज हुए थे। इसके अलावा बीते एक हफ्ते में निगम के मध्य जोन से एक, सिटी सदर पहाड़गंज जोन से शून्य, सिविल लाइंस जोन से एक, करोल बाग जोन से 2, केशवपुरम जोन से 1, नजफगढ़ जोन से 2, नरेला जोन से 2, रोहिणी जोन से 3, शाहदरा उत्तरी जोन से 2, शाहदरा दक्षिण जोन से शून्य, दक्षिण जोन से 3 और पश्चिम जोन से 2 डेंगू के मामले दर्ज हुए। इसके अलावा भी डेंगू के कुछ मामले सामने आए हैं।

# राहत शिविरों में जरूरी सुविधा उपलब्ध करा रही केजरीवाल सरकार : राय

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को दिल्ली के राजघाट डीपो के पास बेलागांव स्थित राहत शिविर का दौरा कर कहा कि केजरीवाल सरकार राहत शिविर में सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध करा रही है।

राय ने राहत शिविरों का जायज़ा लेने के बाद बताया कि बाढ़ के हालातो को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा राहत शिविर पूरी दिल्ली में लगाए गए हैं। आपदा की इस परिस्थिति में केजरीवाल सरकार ने हर तरह के खतरे से निपटने के लिए कमर कस ली है। दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियो को दिल्ली के अलग अलग जिले के बचाव, राहत और पुनर्वास कार्य की निगरानी और पर्यवेक्षण संबंधित कार्यो की ज़िम्मेदारी भी सौपी गई है।



उन्होंने बताया की कि सरकार राहत शिविर में सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध करा रही है। इन राहत शिविरों में लोगों के लिए रहने, भोजन, पानी, मेडिकल व अन्य जरुरी सुविधाओं का प्रबंध किया गया है। इन शिविरों में लोगों की सुविधा के लिए दरी और गद्दें की भी व्यवस्था की गई है। खासतौर पर इन कैम्पों में बहुत से बच्चे भी है जिनके लिए मेडिकल सुविधा सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने कहा कि हमने निर्देश दिए है कि यहां साफ सफाई का विशेष प्रबंध भी किया जाए। आपदा प्रभावित लोगो के लिए सरकार के रूप में हमारी जिम्मेदारी है की इससे प्रभावित होने वाले लोगों की मदद करे और उन्हें हर जरुरी सुविधाएँ मुहैया करवाए। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि अब हमारी कोशिश है कि हम किसी तरह से लोगों की जान-माल की रक्षा कर सके।

# सोमनाथ भारती ने अक्षरधाम मंदिर के पास यमुना ब्रिज राहत शिविर का दौरा किया

## डीजेबी उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री, बांटे फूड पैकेट

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने आज अक्षरधाम मंदिर स्थित यमुना ब्रिज बाढ़ राहत शिविर का संबंधित अधिकारियों के साथ दौरा किया 7 डीजेबी के अधिकारियों को शिविर में पीने के पानी के पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।

डीजेबी उपाध्यक्ष ने शिविर में रह रहे बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री और फूड पैकेट भी वितरित किए। ब्रिजिंग दी गैप फाउंडेशन नाम की संस्था बाढ़ पीड़ितों को भोजन उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही है। सोमनाथ भारती ने कहा कि दिल्ली सरकार राहत शिविरों में रह रहे बाढ़ पीड़ितों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ मुहैया करा रही है।



मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को कहा गया है कि राहत शिविरों में रहे लोगों को पर्याप्त मात्रा में पीने का साफ़ पानी उपलब्ध कराया जाए। पानी के लिए शिविरों में टैंकर्स की विशेष व्यवस्था की जाए। दिल्ली जल बोर्ड ने पहले दिन से सभी बाढ़ राहत शिविरों में पेयजल की विशेष व्यवस्था की है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती लगातार राहत शिविरो का दौरा का पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुचाने का प्रयास कर रहे है और पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित कर रहे है। डीजेबी उपाध्यक्ष ने बीती रात भी राहत शिविर में पहुँच कर पीड़ितों को खाना वितरित किया।

डीजेबी उपाध्यक्ष ने कल देर रात तक गोंडा विधानसभा करावल नगर विधानसभा और तिमारपुर विधानसभा में घूम घूम कर विभिन्न कैंपों में खाना बांटा और लोगों से उनके हालचाल के बारे में और जरूरतों के बारे में जानकारियां ली. दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष जब से यमुना जी में बाढ़ आई है तब से ही बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

### पुलिस ने तीन हथियार तस्करों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** धौलपुर, राजस्थान के तीन हथियार तस्कर अवैध हथियारों की तस्करी करने में लगे हुए थे। मध्य प्रदेश से अवैध हथियार लाकर दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में सप्लाई करते थे। पिछले तीन वर्षों में 500 ये ज्यादा अवैध हथियार सप्लाई कर चुके हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले इस गिरोह के तीन सदस्य प्रशांत मीणा, कमल मीणा और गगन सारस्वत को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से बढ़िया क्वालिटी की 15 पिस्टल बरामद की गई है। स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि इंस्पेक्टर रणजीत सिंह को 14 जुलाई को सूचना मिली थी कि दो अवैध हथियार तस्कर प्रशांत मीणा और कमल मीणा मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों के खेप लेकर आए हैं, वो इस खेप को दिल्ली लेकर आएंगे। ये भी पता लगा कि ये एमबी रोड पर वायुसेना विहार के पास हथियारों की खेप देंगे। एसीपी अत्तर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर रणजीत व इंस्पेक्टर सतविंदर की टीम ने घेराबंदी कर धौलपुर निवासी प्रशांत मीणा व कमल मीणा और मथुरा, यूपी निवासी गगन सारस्वत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि ये खारगोन, मध्यप्रदेश से पिस्टल लाकर दिल्ली/एनसीआर, यूपी, पंजाब और राजस्थान में अपराधियों को सप्लाई करते थे। प्रशांत मीणा के खिलाफ पहले से पांच मामले दर्ज हैं। यूपी और राजस्थान में हथियार तस्करी के चार और हत्या के प्रयास का एक मामला शामिल है। कमल मीणा राजस्थान में एनडीपीएस अधिनियम के तहत दो मामलों में संदिग्ध रूप से शामिल रहा है। आरोपियों ने बताया कि वह सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल 8000 रुपये और सिंगल शॉट पिस्तौल 2500 रुपये में लाते थे और उसे 25 से 30 हजार रुपये में बेचते थे।

### किसानों ने गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 18 जुलाई को किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। इसको लेकर किसान लगातार अलग-अलग गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और किसानों से ज्यादा से ज्यादा 18 जुलाई को प्राधिकरण पहुंचने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान महिलाएं भी इस जनसंपर्क अभियान में जुटी हुई है। नौजवानों की एक टीम महिलाओं की 2 टीम और किसानों की 2 टीम ग्रेटर नोएडा ईस्ट ओर वेस्ट में गांवों में गहन जनसंपर्क अभियान चलाकर 18 जुलाई के आंदोलन की तैयारी कर रही हैं। इसी सिलसिले में रामपुर फतेहपुर गांव में राजे हवलदार की बैठक पर एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें भूमिहीन नौजवान और महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। किसान सभा की केंद्रीय समिति सदस्य पुष्पेंद्र त्यागी ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि आपने पहले चरण में आंदोलन को ऐतिहासिक तौर पर जबरदस्त ढंग से लड़ा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि आंदोलन में नेतृत्व को गिरफ्तार करने के बाद दोबारा आंदोलन उसी जगह जम गया।

# यमुना से निकाले गए दो युवकों के शव, नहाते समय हो गए थे लापता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में यमुना नदी से दो युवकों का शव बरामद किया गया है। रविवार को नहाते समय दोनों युवक नदी में लापता हो गए थे। मृतकों की पहचान मकनपुर खादर गांव के रहने वाले 21 वर्षीय धीरज और 17 वर्षीय संजीत के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, धीरज और संजीत रविवार को यमुना में नहाने गए थे, जहां बारिश के कारण उफान पर पहुंची यमुना में समा गए थे। दोनों के लापता होने की सूचना मिलने के बाद रविवार को स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उसे वहां दोनों युवकों के केवल कपड़े और मोबाइल फोन मिले।

रविवार को ग्रेटर नोएडा में युवक नहाने गए थे। भारी बारिश के कारण उफनाती नदी में युवक लापता हो गए। लापता होने के बाद उनकी तलाशी की जा रही है। सोमवार को दोनों युवकों का शव बरामद कर लिया गया है। दोनों मृतक युवकों की पहचान भी कर ली गई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों के दलों ने दोनों व्यक्तियों को खोजने के लिए अभियान शुरू किया।अधिकारी ने बताया कि रविवार को खोज अभियान शुरू होने के बाद सोमवार को धीरज और संजीत के शव गांव रामपुर खादर के पास यमुना में मिले।

पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर जिले का हिस्सा है, जो यमुना और हिंडन नदियों के बीच स्थित है और यह उत्तर प्रदेश के उन क्षेत्रों में से एक है जो पिछले सप्ताह से बाढ़ से प्रभावित हैं। आधिकारिक आकंड़े के अनुसार रविवार रात तक जिले में बाढ़ से 8,700 से अधिक लोग प्रभावित हुए और लगभग 6,300 जानवरों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करना पड़ा।

# निवाड़ी में 3 फीट तक सड़कों पर भरा पानी

## एक सप्ताह से निकासी नहीं हो सकी, गंदे पानी से होकर लोग गुजरने को मजबूर

मोदीनगर। मोदीनगर के नगर पंचायत निवाड़ी में अधिकारियों की लापरवाही के चलते होली चौक मार्ग पर एक सप्ताह से सड़क पर तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। पानी भरने के कारण कॉलोनी के लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिशासी अधिकारी जल्द पानी निकालने की बात कह रहे हैं।

लगातार हो रही बारिश के कारण नगर पंचायत निवाड़ी में कई स्थानों पर जलभराव हो गया है। जलभराव होने के कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना मोदीनगर निवाड़ी मार्ग स्थित हनुमान चौक से होली चौक की सड़क का है। सड़क पर दो से तीन फीट तक का पानी भरा हुआ है। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पानी सड़क पर ही भरा हुआ है।

लोगों का कहना है कि पानी अब तो सड़ने लगा है। पानी सड़ने से जल जनित बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कस्बा निवाड़ी के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के अधिकारियों से कई बार पानी निकालने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पानी सड़क पर जमा होने के बाद भी कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है।

इसके अलावा कस्बा निवाड़ी में जंगल में भी तीन से चार फीट पानी भरने के के कारण ज्वार व ईंख की फसल नष्ठ होने के कगार पर पहुंच गई। नगर पंचायत निवाड़ी के अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि होली चौक पर बरसात का पानी आ गया है।

### बीटेक छात्र को वाहन ने टक्कर मारी, मौत

**गाजियाबाद।** एनएच-9 पर गलत तरीके से बैक करते समय ट्रक ने स्कूटी सवार बीटेक छात्र को टक्कर मार दी। रविवार दोपहर करीब दो बजे हुए इस सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हुए छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। छात्र की शिनाख्त क्रॉसिंग रिपब्लिक की एसोटेक नेक्स्ट सोसायटी के रहने वाले कृष्णांशु (21) के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। छात्र के परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीटेक-तृतीय वर्ष का छात्र कृष्णांशु चौधरी रविवार को स्कूटी से नोएडा गया हुआ था।

# मोदीनगर में पत्नी की मौत मामले में पति गिरफ्तार

मोदीनगर (गाजियाबाद)। मोदीनगर के गांव भोजपुर में जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मां ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए भोजपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

साथ ही अन्य की तलाश शुरू कर दी है। मेरठ के थाना कंकरखेड़ा के गांव मोम्महदपुर लाला निवासी महिला शहनाज ने बताया कि सन 2012 में उन्होंने अपनी बेटी शायरा का निकाह गांव भोजपुर निवासी नदीम के साथ किया था। शहनाज ने बताया कि दो दिन पहले उनके पास नदीम का फोन आया था। नदीम ने कहा था कि शायरा की तबीयत बिगड़ गई है और उसे मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वह अस्पताल पहुंचे तो शायरा की मौत हो चुकी थी। शहनाज का आरोप है कि शायरा को आत्महत्या करने के लिए पति सहित तीन लोगों ने उकसाया है।

# संपादकीय



## उत्तर भारत में आयी बाढ़ से सबक

### बाढ़ से मुकाबले की साझा रणनीति विकसित करने के लिए राज्यों को समन्वय बनाना होगा

उत्तर भारत में विनाशकारी बाढ़ ने जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और भारत के बड़े शहरों को परेशान करने वाली बुनियादी ढांचागत कमियों के आपसी संबंध पर नये सिरे से ध्यान खींचा है। भारत अभी बीच मानसून से गुजर रहा है और पहाड़ी राज्यों की भौगोलिक संरचना को देखते हुए, इस बात के पूरे आसार हैं कि आगे होने वाली बारिश से मिट्टी सरकेगी, भू-स्खलन होगा और यह जान-माल के लिए भारी खतरा पेश करेगा। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली उन राज्यों में शामिल हैं जहां रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गयी है और कम-से-कम 60 मौतों की पुष्टि हुई है, हालांकि वास्तविक तादाद इससे ज्यादा हो सकती है। यह दिल्ली (एक ऐसा शहर जो अमूमन बारिश के लिए नहीं जाना जाता) की ही बाढ़ है, जिसने दबी पड़ी इस आपदा पर पूरे देश का ध्यान केंद्रित किया है।

भारत के मौसम विभाग की शब्दावली में, 3 से 10 जुलाई तक, आठ में से पांच दिन, दिल्ली में 'अधिक' और 'अत्यधिक' बारिश हुई। बीते 9 जुलाई को यहां 221.4 मिमी बारिश दर्ज की गयी, जो पूरे जुलाई महीने की औसत बारिश 209.7 मिमी से ज्यादा है। यह सही है कि बाढ़ आने में इसकी भूमिका रही, पर बीते कुछ दिनों में बारिश में तेजी से कमी आयी है। और अब भी, शहर के कई बड़े हिस्से, जिसमें लाल किला और सुप्रीम कोर्ट जैसे सबसे मशहूर स्थल भी शामिल हैं, जलमग्न हैं।

यह देखते हुए कि दिल्ली में बने बैराज नदी के प्रवाह को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने और मोड़ने में अक्षम हैं, दिल्ली के अधिकारियों ने इसके लिए ऊपरी बहाव वाले राज्यों में, खासकर हरियाणा के यमुनानगर में, यमुना के उफनाने को जिम्मेदार ठहराया है। यह दिल्ली के उस बुनियादी ढांचागत विकास की भूमिका की ओर से आंखें मूंद लेना है जिसने बरसों से यमुना के खादर में प्रतिबंधित निर्माण कार्यों की ओर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है, जो मानसून से पहले नालों से गाद हटाने को प्राथमिकता देने में विफल रहा, और जिसने शहर के बड़े पैमाने पर कंक्रीटीकरण से बचाव के कदमों में कटौती कर दी।

हालांकि, मामला यह है कि दिल्ली के ऊपरी बहाव क्षेत्र में भी, नदी की पेटी में खनन का मतलब है, हरियाणा से आयी भारी मात्रा में गाद से प्राकृतिक बहाव का अवरुद्ध होना। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप और 'रिकॉर्ड बरसात' की ओर उंगली उठाने से कोई फायदा नहीं। आर्कटिक के साथ-साथ अरब सागर में तापमान वृद्धि (वॉर्मिंग) के रुझान देखते हुए, अत्यधिक बारिश के दौर की संभावना बढ़ जाने का मतलब है कि भविष्य में ऐसी कई बाढ़ और आयेंगी।

बेंगलुरू, चेन्नई और मुंबई में शहरी बाढ़ तुलनात्मक रूप से ज्यादा बार-बार आती है, लेकिन दिल्ली को भी अब खुद को महफूज नहीं समझना चाहिए, क्योंकि उसकी आबादी और बुनियादी ढांचागत जरूरतों की मांग सिर्फ और सिर्फ बढ़ने जा रही है। यह एहसास होने पर कि साफ हवा सभी शहरों द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों पर निर्भर है, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक साझा प्रबंधन रणनीति विकसित की। ठीक इसी तर्ज पर, इन राज्यों को अपने मतभेदों को दरकिनार करना होगा और भविष्य की बाढ़ों से मुकाबले के लिए एक साझा रणनीति विकसित करनी होगी।

## घरों का बजट बिगड़ा

खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेजी को इस मौसम में एक स्वाभाविक चक्र माना जाता है। पिछले कुछ समय से बाजार में लगातार महंगाई के बढ़ते रुख ने समाज के सभी तबकों को प्रभावित किया है। मगर निम्न आय वर्ग के लोगों के सामने ज्यादा मुश्किल आई, जिन्हें अपने रोजमर्रा के खर्चों में कई स्तरों पर कटौती करनी पड़ी। खासकर खाने-पीने की चीजों की कीमतों ने आम लोगों से लेकर सरकार तक के माथे पर शिकन पैदा कर दी थी।

इस मुश्किल से निपटने के लिए सरकार की ओर से कई स्तर पर प्रयास किए गए, लेकिन महंगाई के आंकड़े आंख-मिचौली खेलते रहे। हालांकि बाजार में उथल-पुथल के बीच कीमतों में तेजी के लिए कई कारक जिम्मेदार रहे और उसका सीधा असर जरूरी वस्तुओं की खुदरा कीमतों पर पड़ा। अब वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों में थोक महंगाई का रुख नीचे की तरफ हुआ है।

इसके मुताबिक, जून लगातार तीसरा महीना है, जब थोक महंगाई शून्य से नीचे आ गई। खाने-पीने की वस्तुओं, ईंधन, वस्त्रों और निर्मित उत्पादों की कीमतों में गिरावट की वजह से थोक महंगाई में यह गिरावट शून्य से 4.12 फीसद नीचे पहुंच गई है। इसे पिछले आठ साल में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है। इससे पहले मई में यह शून्य से 3.38 फीसद और अप्रैल में शून्य से 0.92 फीसद नीचे रहा था।

थोक महंगाई की दर में कमी होने के बाद यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अब बाजार में वस्तुओं की खुदरा कीमतों में भी नरमी आएगी। मगर कई बार थोक महंगाई में गिरावट के बावजूद खुदरा मूल्य पर उसका ज्यादा असर नहीं पड़ता है। मसलन, थोक महंगाई में तो नरमी का रुख देखा गया, लेकिन बाजार में खुदरा कीमतें ऊंची बनी रहीं। खाने-पीने के सामान और खासकर सब्जियों के दाम की वजह से सभी घरों का बजट बिगड़ा रहा। हालत यह है कि टमाटर जैसी ज्यादातर सब्जियां साधारण आमदनी के लोगों की खरीदने क्षमता से दूर हैं।

खाना-पीना चूंकि रोजमर्रा की अनिवार्य आवश्यकता है, इसलिए इसकी वजह से लोगों के सामने अपने अन्य खर्चों में कटौती तक की नौबत है। ऐसे में थोक महंगाई में कमी का असर अगर जरूरी सामान की खुदरा कीमतों पर भी पड़े, तभी इसे आम लोगों के लिए राहत के तौर पर देखा जा सकेगा। गौरतलब है कि जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक बढ़ कर 4.81 फीसद पर पहुंच गया था। तब भी सबसे ज्यादा उछाल सब्जियों की कीमतों में ही आई थी।

खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेजी को इस मौसम में एक स्वाभाविक चक्र माना जाता है। लेकिन इसी दौरान सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी मौसमी रुझान से इतर है। हालांकि इसका कारण भी मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ने वाले असर को माना जा सकता है। लेकिन इस समस्या का हल निकालना संबंधित सरकारी महकमों की जिम्मेदारी होती है। यों, जरूरी चीजों में महंगाई का यह रुख अकेले भारत में नहीं है।

दुनिया के कई देश इस समस्या से जूझ रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के लंबा खिंचने का सबसे ज्यादा असर खाने-पीने की चीजों की आपूर्ति पर पड़ा है। जाहिर है, मौसम की वजह से पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के साथ आपूर्ति में बाधा से जुड़ी हुई कड़ियां ही थोक और फिर खुदरा बाजार को प्रभावित करती हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इन मसलों का व्यावहारिक हल निकालेगी और महंगाई को लेकर संतुलन बनाने का प्रयास करेगी।

# नए संसद भवन के उद्घाटन के मुद्दे पर विपक्षी दलों का विरोध



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

### विपक्षी दलों ने नई संसद का उद्घाटन पीएम के हाथों होने पर जताई थी अपत्ति



देश की राजनीति में अभी हाल ही में कुछ महीनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों नई संसद भवन के उद्घाटन होने को लेकर काफी हंगामा मचा हुआ था। दरअसल हंगामा इस कदर हुआ कि, इसमें देश के प्रमुख विपक्षी दल मसलन कांग्रेस पार्टी के अलावा समाजवादी पार्टी, राजद, जेडीयू, एनसीपी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और आम आदमी पार्टी भी कूद पड़ी थी। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार नए संसद भवन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों उद्घाटन करने पर इतना ज्यादा विरोध करने का क्या नतीजा निकला। इसके साथ ही यह भी प्रश्न उठता है कि इस मुद्दे को उठाकर कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों को क्या वाकई में कोई राजनीति लाभ मिल सका। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों नई संसद भवन का उद्घाटन करने के बाद यह मुद्दा धीरे धीरे खत्म हो चला है। अब ना तो इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी का ही कोई नेता या प्रवक्ता बात कर रहा हैं और ना हीं किसी अन्य विपक्षी दल का ही कोई नेता इस मुद्दे पर अपना विचार व्यक्त कर रहा हैं। ऐसे में यहां पर यह सवाल उठना लाजिमी है कि, आखिरकार कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को नए संसद भवन के उद्घाटन करने पर क्या दिक्कत थी।

### प्रधानमंत्री के नए संसद भवन के उद्घाटन के विरोध के पीछे की राजनीति

दरअसल यदि संवैधानिक नियमों के लिहाज से देखा जाए तो, देश की नई संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री या फिर किसी अन्य व्यक्ति द्धारा किया जा सकता है। संविधान में ऐसी किसी बात का कोई भी जिक्र नहीं है कि नई संसद भवन का उद्घाटन केवल भारत के राष्ट्रपति के हाथों ही किया जा सकता है। लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से विपक्षी दलों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नई संसद भवन के उद्घाटन करने पर विरोध किया गया, वह कहीं ना कहीं राजनीति से ही प्रेरित था। दरअसल विपक्षी दलों की ओर से प्रधानमंत्री का विरोध करने की पीछे यह भी मंशा रही होगी कि किसी ना किसी तरीके से उनकी छवि को एक तानाशाह के रूप में देश की जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। इसके अलावा कहीं ना कहीं विपक्षी दलों की यह भी कोशिश रहीं होगी कि, इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को कहीं ना कहीं राष्ट्रपति के अधिकारों का हनन करने वाले नेता के रूप में दिखाया जाए। ऐसे में यहां पर यदि यह कहा जाए कि विपक्षी दलों की ओर से कहीं ना कहीं इस मुद्दे पर राजनीति की कोशिश की गई तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

### नए संसद भवन के मुद्दे पर विरोध की राजनीति का विपक्षी दलों का नहीं मिला लाभ

दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन किए जाने पर पुरजोर विरोध किया गया। लेकिन कांग्रेस और तमाम विपक्षी दलों को नए संसद भवन के उद्घाटन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री का विरोध करने के बावजूद भी कोई खासा लाभ मिल सका। नतीजतन मौजूदा समय में जहां एक ओर यह मुद्दा बिल्कुल समाप्त हो चुका है। वहीं दूसरी ओर अब मौजूदा समय में कांग्रेस और विपक्षी दलों के पास ऐसा कोई मुद्दा ही नहीं बचा है जिसके आधार पर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर हमला बोल सकें। दरअसल कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के पास ऐसा कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, जिसके आधार पर वह सत्ताधारी दल बीजेपी के कटघरे में खड़ा करके उससे जवाब मांग सके।

### नई संसद भवन के उद्घाटन का विरोध करने से कांग्रेस की छवि हुई धूमिल

दरअसल कांग्रेस ने जिस तरह से देश की नई संसद भवन का पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों उद्घाटन किए जाने का विरोध किया, इससे उसकी छवि काफी ज्यादा धूमिल हुई। दरअसल संसद भवन किसी सत्ताधारी दल या विपक्षी दल की नहीं होती है, बल्कि वह समूचे देश की जनता की होती है। संसद भवन में आने वाले प्रतिनिधि देश भर की जनता ही तो चुनकर भेजती है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी और तमाम विपक्षी दलों के नेताओं ने जिस तरह से नई संसद भवन के मुद्दे पर विरोध किया उससे निश्चित रूप से उनकी छवि धूमिल हुई। कांग्रेस व अन्य कई विपक्षी दलों ने तो अपने सांसदों तक को संसद भवन के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने से मना कर दिया था।जिससे इन पार्टियों के सांसदों ने उस दिन उद्घाटन समारोह से वॉकआउट कर दिया था। ऐसे में कहीं ना कहीं नई संसद भवन के उद्घाटन का विरोध करके कांग्रेस और तमाम विपक्षी दलों को फायदा कम नुकसान ज्यादा हुआ है। ऐसे में कहीं ना कहीं कमोबेश हर मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों को बीजेपी का विरोध करने के बावजूद बैकफुट पर लौटना पड़ता है।

### नए संसद भवन के उद्घाटन का विरोध करना कांग्रेस का गलत निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन करने का विरोध करने का फैसला कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत गलत निर्णय साबित हुआ है। दरअसल जिस तरह से कांग्रेस के सांसद-विधायकों और तमाम कार्यकर्ताओं ने संसद से लेकर सड़क तक समूचे देश में विरोध किया, उसका कोई सार्थक परिणाम कांग्रेस पार्टी को नहीं मिल सका। संसद भवन के उद्घाटन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री का विरोध करने का निर्णय दरअसल कांग्रेस पार्टी की ओर से जल्दबाजी में लिया गया था। कांग्रेस पार्टी के नेताओं की रणनीति शायद यही रही होगी कि वह इस मुद्दे पर विरोध करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि को एक तानाशाह नेता के रूप में जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगें। इसके अलावा कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल उद्घाटन समारोह का वॉकआउट करके यह भी दिखाना चाहतें थें कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वंय ही संसद भवन का उद्घाटन करके राष्ट्रपति के अधिकारों का जबरन हनन कर रहें हैं। हालांकि विपक्षी दलों के इस विरोध के बावजूद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि को उतना ज्यादा नुकसान नहीं हो पाया, जितना कि विपक्षी पार्टियां उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहतीं थीं।

# पुस्तकें हमारी मित्र ,मार्गदर्शक, बुद्धिमान सलाहकार और धैर्यवान शिक्षक होती हैं

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदोद्य उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं।

जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं।

कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं।

शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। %पंचतंत्र%तथा %हितोपदेश% इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है।

विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है।

## पुस्तकें कभी बूढ़ी नहीं होती

पुस्तकों (किताबों) का स्वरूप
विराट, सास्वत होता है,
वह कभी बूढ़ी नहीं होती,
उन्हें लाठी लेकर चलने की
आवश्यकता नहीं होती,
उनके बाल नहीं सफेद होते,
दांत नहीं टूटते और
वे वृद्ध मां बाप
की तरह वृद्धा आश्रम में
एक अलग कमरे में
नहीं रखी जा सकतीं,
पुस्तकें बात करती हैं,
हंसती हैं,
खिलखिलाती हैं,
पुस्तकें परंपरा है,
श्रृंखला है,
कल, आज और कल की
साक्षी होती हैं,
शिशुओं की तरह
मुस्कुराती
बाल सखा की तरह
बतियाती,
कभी मां की तरह
लोरी सुनाती है
तो कभी पितामह की
तरह हिदायत भी देती है,
पुस्तकें ही चंद्रमा है
पुस्तकें ही सूरज हैं,
पुस्तकें ही जुगनू,
पुस्तकें ही सितारे हैं।
पुस्तकें जीवंत
होने का प्रमाण हैं।
पुस्तकें ही प्रकाश पुंज है
हमारी गुरु, दिग्दर्शक
और मार्गदर्शक भी
और कभी सच्ची मित्र
पुस्तकें ही हैं,
यही शक्ति का पुंज हैं,
श्रद्धेय सरस्वती है,
आइए नमन करें
इन पुस्तकों को
अपने पूर्वजों, पितामहों की तरह,

# कांवड यात्रा के दौरान आम यातायात पर भी ध्यान दें



अशोक मधुप



शिवरात्रि का पर्व संपन्न हो गया। कावंड़ यात्रा अपनी मंजिल पर पंहुच कर पूर्ण हो गई।सड़कों से गुजरते भोले के भक्तों के काफले अपनी मंजिल पर पंहुचकर अगले छह माह के लिए रूक गए।जाड़ों में दुबारा शिवरात्रि पड़ेगी, तब ये यात्रा फिर शुरू होगी।फिर कांवड़ियों के काफलें सड़कों पर होंगे।ज्योतिर्लिंग वाले सभी प्रदेशों में इस यात्रा को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की जाती है। अन्य शिवालयों पर भी भारी तादाद में श्रद्धालु जल चढ़ाते हैं।कई बार किसी कांवड़ से किसी के टकराने या कावड़िए के दुर्घटनाग्रस्त होने पर कावड़िए प्राय: हंगामा करते हैं। कई जगह तोड़-फोड आगजनी आदि पर उतर आते हैं,इसलिए प्रशासन पहले से सचेत रहता है। केंद्र में भाजपा सरकार आने और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार होने के बाद से इस कांवड़ यात्रा पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा।इनके लिए आने -जाने के मार्ग निर्धारित होने लगे।इन कांवड़ियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। अधिकतर महत्वपूर्ण मार्ग इनके लिए आरक्षित किए जाने के कारण इन मार्ग के वाहन दूसरे मार्ग पर भेजे जाने लगे। इससे आम लोगों को परेशानी होने लगी। तीन घंटे का रास्ता छह से सात घंटे में पूरा होने लगा। वाहनों को 60 से 70 किलो मीटर ज्यादा चलना पड़ा। वाहनों के ज्यादा चलने के तेल ज्यादा लगा। तेल का ज्यादा लगना राष्ट्रीय नुकसान है और व्यक्ति की समय की बरबादी। व्यवस्था ऐसी बनाई जाए कि कांवड़ यात्रा भी निर्विघ्न रूप से पूरी हो और दूसरे वाहन और यात्रियों को कोई परेशानी न हो। नियमित यातायात इस यात्रा के दौरान सुगमता से चलता रहे।

शिवरात्रि भगवान शिव का पर्व है।यह पर्व पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है।करोड़ों की संख्या में शिवके उपासक पवित्र नदियों के स्थलों से उनका जल कांवड़ में लेकर आते और शिवालयों पर जाकर चढ़ाते हैं। ज्योतिर्लिंग पर तो शिवरात्रि पर जल चढ़ाने के साथ उत्तर भारत क्या पूरे देश में यह पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कांवड़ यात्रा कई ङ्कदिन चलती है। सड़कों पर कावड़ियों का रेला ही रेला दिखाई देता है। श्रद्धालु कावंड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराकर पुण्य लाभ पाने के लिए तत्पर रहतें हैं।ये कांवड़ियों मार्ग पर उनके खाने ङ्कपीने की ठहरने आदि की निशुल्क व्यवस्था करते हैं।भंडारे लगाते हैं। यात्रा पर निकलने से पहले कावंडिए तैयारी करते हैं।कांवड , उसके सजाने आदि और अपनी यात्रा का सामान खरीदते हैं।अपने साथ चलने वाले वाहन किराए पर लेते हैं। इन पर किराए का म्युजिक सिस्टम लगाते हैं।कांवडिए की अलग तरह की भगवा रंग की टीशर्ट चल पड़ी ।इसका ही अब लाखों रूपये का कारोबार बन गया। कांवड यात्रा से हजारों लोगों का रोजगार चलता है। इस यात्रा पर खरबों रूपये का बिजनेस होता है। ये यात्रा होनी चाहिए ।इस यात्रा की व्यवस्थाएं भी भव्य होनी चाहिए।कांवडियों की व्यापक सुरक्षा और बढिया मार्ग की व्यवस्था होनी चाहिए।इनकी सुविधा के लिए कोई कसर उठकर नही रखी जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस व्यवस्था पर स्वंय नजर रखते हैं।वे हैलिकाप्टर से कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा भी करते हैं।

उत्तर भारत में सावन की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है।कावड़ यात्रा के कारण उत्तर भारत में यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। हरिद्वार प्रशासन के अनुसार पिछले साल की तरह चार करोड़ से ज्यादा शिवभक्त इस बार भी जल लेने हरिद्वार पंहुचे। ये यात्रा तो पूर्ण हो गई किंतु कुछ स्थानों पर पूरे सावन कांवड़ चढ़ती हैं।श्रद्धालु के समूह हरिद्वार आते और जल लेकर अपने गंत्व्यों की ओर रवाना होते रहते हैं।

उत्तर भारत की इस कांवड़ यात्रा को देखते हुए उत्तरांचल, उतर प्रदेश और हरियाणा सरकार व्यापक व्यवस्थाएं करती हैं, किंतु यात्रा के समय ये सब बौनी पड़ जाती हैं।इसी कारण कई जगह कांवड़ियों के हंगामा करने की सूचनाएं आती हैं।कुछ जगह तोड़फोड़ और आगजनी तक हो जाती है।इस सबका कारण यात्रा से कुछ पहले तैयारी करना है, जबकि इसके लिए पूरे साल तैयारी की जाती चाहिए। इसके लिए अलग से विभाग होना चाहिए।

कावंड़ियों की सुविधा के साथ आम आदमी की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। व्यवस्था की जानी चाहिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान आम यातायात प्रभावित न हो।केंद्र एक्सप्रेस वे बना रहा है ताकि यातायात के किसी वाहन को परेशानी न हो। इसके लिए कांवड यात्रा वाले प्रदेश की सरकारों का केंद्र के साथ मिल बैठ कर प्लान करना चाहिए। कावंड यात्रा वाल मार्ग पहले ही इस तरह बनाए जांए कि उसकी साइड से आम यातायात सुगमता से अरवरत चलता रहे। कांवड यात्रा वाले मार्ग पर कांवड़ यात्रियों के लिए पहले से ही दो अलग लेन बनाकर रखी जा सकती हैं। यात्रा के समय में इन पर कांवड़िए और उनके वाहन चलें , बाद में ये लेन आम ट्रैफिक के लिए प्रयोग हों।कावंड यात्रा वाले मार्ग पर कांवड यात्रियों के आराम रूकने के स्थान पहले से चिंहित हों।स्थान ऐसे हों कि यहीं कावंड शिविर भी लग सकें।

1990 के आसपास कांवड यात्रा का इतना प्रचलन नही था। आज यह बढता जा रहा है।अब चार करोड़ के आसपास कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ ला रहे हैं। इनकी बढ़ती संख्या को देखते हुए हो सकता है कि आने वाले कुछ सालों में यह संख्या बढ़कर दुगनी या उससे भी ज्यादा हो जाए। इसलिए हमें अभी से इसके लिए व्यवस्था बनानी होगी। प्लानिंग करनी होगी। हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए हरिद्वार के लिए अतिरिक्त ट्रेन चलानी होंगी। कावंड़ यात्रा के समय आम यात्री को कावंडियों की भीड़ के कारण भारी परेशानी होती है। ट्रेन के साथ ङ्कसाथ इनकी संख्या को देखते हुए स्पेशल बसे चलाईं जांए।कांवड़ यात्रा के कारण छात्रों की परेशानी को देखते हुए कई जगह स्कूल कॉलेज बंद करने पड़तें हैं। शहरों के स्थानीय निवासियों की गतिविधि और आवागमन प्रभावित होता है,व्यवस्था ऐसे बनाई जाए कि कांवड़ यात्रा भी चले और उस क्षेत्र के आम निवासी की गतिविधि और दिनचर्या भी प्रभावित न हों।

## शार्ट न्यूज

### साइबर ठगों से वापस कराए 11.5 लाख रुपए

मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस ने साइबर ठगों के खाते में गए एक व्यक्ति के 11.50 लाख रुपये वापस कराए हैं। ये ठगी ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर की गई थी। पीड़ित ने मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीणा को इस ठगी के बारे में सूचना दी थी। एसएसपी के आदेश पर तुरंत हरकत में आए मुरादाबाद पुलिस के साइबर सेल ने साइबर ठगों का एकाउंट ट्रेस करके उसे फ्रीज करा दिया। इसके बाद साइबर ठगों के खाते में गई रकम को वापस करा दिया गया। ऑनलाइन ठगी की ये घटना मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र में नया मुरादाबाद निवासी सोनू के साथ हुई थी। एक व्यक्ति ने ऑनलाइन ट्रेडिंग का लालच देकर सोनू से अपने खाते में 11.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। इसके बाद साइबर ठग ने सोनू का फोन रिसीव करना बंद कर दिया। ठगी का एहसास होने के बाद सोनू ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। एसएसपी हेमराज मीणा के आदेश पर जुटी साइबर सेल ने सोनू की पूरी रकम 11.50 लाख रुपये साइबर ठगों से उन्हें वापस करा दी है। सोमवार को अपने एकाउंट में पैसे वापस आने के बाद सोनू एससएसपी को थैंक्स बोलने पुलिस ऑफिस पहुंचे। एसएसपी का कहना है कि मामले में साइबर ठगों द्वारा ठगी गई पूरी रकम पीड़ित के एकाउंट में वापस करा दी गई है।

### दीवार गिरने से मासूम की मौत, दो घायल

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र के मालापर गांव में मिट्टी की दीवार गिरने से दबकर मासूम की मौत का मामला सामने आया है। इसके साथ ही इस हादसे में दो अन्य घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम, तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में आला अधिकारियों ने मौका मुयायना कर पीड़ित परिवारों को मुवावजा दिलाने का आश्वासन दिया। जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र के मालपार गांव निवासी नंदलाल राजभर का कच्चा मकान है। मिट्टी की दीवार पर टीनशेड आदि डाल कर वह अपने दो पुत्रों, पत्नी व नाती के साथ रहता है। अचानक मिट्टी की एक दीवार भरभरा कर गिर गई। जिससे नंदलाल का नाती अंश राजभर 10 पुत्र गोविंद राजभर निवासी हरदशई रामपुर थाना तरवां, रागिनी 10 पुत्री गुड्डू व दुर्गावती 55 पत्नी बरखू मलबे में दब गए। आनन-फानन में मलबा हटा कर तीनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक अंश की मौत हो चुकी थी। सूचना पर मेंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृत बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजवा दिया। वहीं दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक अंश बचपन से ही अपने ननिहाल में रहता था।

### किशोरी को स्कूल से बुर्का पहनाकर किया किडनैप

कानपुर। कानपुर में नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। सोमवार को एक युवक ने किशोरी का स्कूल से बुर्का पहनाकर किडनैप कर लिया। इसके बाद रेस्टोरेंट लेकर रेप किया। फिर वापस स्कूल छोड़ने पहुंचा तो शक पर स्कूल प्रबंधन ने पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। जानकारी पर किशोरी के परिजन पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ किडनैप और रेप की एफआईआर दर्ज कराई है। ये घटना कर्नलगंज थाना क्षेत्र की है। सिविल लाइंस निवासी एक 14 साल की छात्रा जीआईसी चुन्नीगंज में पढ़ती है। छात्रा के परिजनों ने सोमवार दोपहर को कर्नलगंज थाने में एक तहरीर दी। आरोप लगाया कि विवेक टॉकीज के पास रहने वाला 19 साल के जैद ने उनकी बेटी को सुबह स्कूल के बाहर से बुर्का पहनाकर स्कूल से अगवा कर लिया। इसके बाद विकास नगर के एक रेस्टोरेंट में उसके साथ रेप किया। दोपहर छुट्टी के वक्त वापस स्कूल छोड़ने और उसकी सहेली को बुर्का वापस करने पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने दोनों को दबोच लिया। स्कूल प्रबंधन और परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी।

### राजकीय सम्मान के साथ हुआ मोर का अंतिम संस्कार

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के सुरियावां इलाके में हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से राष्ट्रीय पंक्षी मोर की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस मोर के शव को सुरियावां थाने ले आयी। थाने में ही वन दरोगा व सुरियावां पुलिस की मौजूदगी में पशु डॉक्टर ने पोस्टमार्टम किया है। पोस्टमार्टम के बाद प्रोटोकॉल के तहत राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार किया गया। थाना अध्यक्ष सुरियावां विपिन सिंह ने बताया कि सोमवार को हाइटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से राष्ट्रीय पंक्षी मोर की मौत हो गई थी। सुरियावां रेलवे स्टेशन के समीप हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से राष्ट्रीय पंक्षी मोर की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर वन दरोगा के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक पाण्डेय मौके पर पहुंचे और थाने पर ही मोर का पोस्टमार्टम किया गया। थाने में पुलिस के जवानों ने राष्ट्रीय पंक्षी मोर को सलामी दी और तिरंगे में लपेटकर राजकीय सम्मान के साथ राष्ट्रीय पंक्षी मोर का भारी भीड़ के साथ नदी किनारे अंतिम संस्कार किया गया है।

### रामपुर में मादक पदार्थो की जलायी होली

रामपुर । राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तहत उत्तर प्रदेश की रामपुर पुलिस ने सोमवार को 36 किलो नारकोटिक्स ड्रग्स में आग लगाकर उसे नष्ट कर दिया। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मन्त्री अमित शाह की अध्यक्षता में मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर दिल्ली में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें देश भर में अलग अलग मुकदमों में बरामद मादक पदार्थो का ऑनलाइन निस्तारण/डिस्पोजल कराया गया। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के सात जिलों में लाइव मादक पदार्थो का ऑनलाइन निस्तारण/डिस्पोजल कराया गया। रामपुर रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार की अध्यक्षता में जिले में दर्ज 31 मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थ जिनकी कुल मात्रा करीब 36 किलाग्राम और 230 नशीली गोलियां हैं। इनका ऑनलाइन/लाइव निस्तारण/डिस्पोजल कराया गया। इसमें चरस, स्मैक, डोडा चूर्ण, नशीली गोलियां, नशीला पाउडर शामिल हैं।

### श्रावस्ती में दो बच्चों की डूबने से मौत

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती में सोमवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों के घर-परिवार में मातम पसर गया। वहीं, मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दोनों बच्चों के शवों को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए, पंचायतनामा भरा और बच्चियों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। पूरा मामला मल्हीपुर थाना क्षेत्र के माल्ही गांव का है। यहां हारून (8) पुत्र ढोले और नेहा (12) पुत्री बब्बन गांव के पास स्थित तालाब से मिट्टी निकालने गईं थीं। इस दौरान दोनों बच्चों का पैर फिसल गया और वे तालाब में जा गिरे। वहीं गहरे पानी में जाने से दोनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों बच्चियों को बाहर निकाला, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। वहीं दोनों बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों का बयान दर्ज किया। वहीं परिजनों ने दोनों का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों का शव उनके परिजनों को सौंप दिया।

### उन्नाव में कार की टक्कर से छात्र की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर स्थित दुर्गा ढाबा के सामने सड़क पार कर रहे छात्र को तेज रफ्तार कार के टक्कर मारने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के गहिरा गांव के रहने वाले राधेलाल यादव का बेटा हरिओम सोमवार सुबह अपने घर से बंथर स्थित स्कूल जा रहा था। लखनऊ-कानपुर राजमार्ग स्थित ढाबा के सामने सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई है। जानकारी पर बदरका चौकी दरोगा अरविंद सिंह मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे और पहचान करने के बाद परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# लोक कला को बढ़ावा देने वालों को पुरस्कृत करेगी योगी सरकार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की लोक कला, संस्कृति तथा स्थानीय सभ्याचार को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने एक विशिष्ट पुरस्कार वितरण प्रक्रिया को जल्द प्रारंभ करने वाली है।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इस अनुदान योजना के जरिए ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रिय भजन कीर्तन मंडली, नुक्कड़ नाटक मंडली, गुरु शिष्य परंपरा, स्थानीय लोकगीत/ लोकनृत्य, भजन, संस्कार गीत मंडलियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा, वहीं ग्राम्य, जिला व राज्य स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय लोक कला को बढ़ावा देने वाली टीमों को भी इस योजना के लिए पात्र माना जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक उन्नयन, सांस्कृतिक विरासत के रक्षण, पर्यटन संवर्धन, स्वच्छ भारत मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, महिला सशक्तिकरण, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत सांस्कृतिक टोलियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रही सांस्कृतिक टोलियों को भी पुरस्कृत किए जाने के लिए वरीयता दी जाएगी। विजेताओं को पहले पुरस्कार के तौर पर 51,000, दूसरे पुरस्कार के तौर 21,000 व तीसरे पुरस्कार के तौर पर 11,000 रुपए की धनराशि दी जाएगी।

सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दे रही टोलियों को पुरस्कृत करने के लिए संस्कृति विभाग में निर्णायक मंडल का चयन कर लिया गया है।

## बुलंदशहर में सर्राफ ने की आत्महत्या

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सर्राफा व्यापारी ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के छोटी होली पदम सिंह गेट पर पुलकित गोयल का ज्वेलरी शोरूम है। गोयल ने आज सुबह करीब आठ बजे अपने पिता की लाइसेंस रिवाल्वर को कनपटी से सटा कर गोली मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने पुलकित को आनन-फानन में खुर्जा के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार पुलकित काफी समय से गृह क्लेश से परेशान था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटना की जांच में जुट गई है।

# सोमवती अमावस्या में योगी ने किया रुद्राभिषेक



**गोरखपुर।** भगवान शिव को अति प्रिय सावन मास के दूसरे सोमवार को सोमवती (सोमवारी) अमावस्या के सुखद सर्वार्थ सिद्धि विशेष योग में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में रुद्राभिषेक व हवन कर देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल की कामना की।

सावन मास के प्रथम दिन भी गोरक्षपीठाधीश्वर ने रुद्राभिषेक कर सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि की प्रार्थना की थी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सावन के दूसरे सोमवार (संयोगवश सोमवती अमावस्या भी) को भी उन्होंने भगवान शंकर की विशेष आराधना कर चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। सोमवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भोलेनाथ को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने के बाद दूध, एवं फल के रस से रुद्राभिषेक किया।

मठ के मुख्य पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी व अन्य आचार्य एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया।

# दो दशक पुराने मामले में चौधरी नरेश टिकैत दोषमुक्त

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले की एक अदालत ने करीब दो दशक पुराने हत्या के एक मामले में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत को दोषमुक्त करार दिया।

इस फैसले को लेकर कचहरी परिसर में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे।

छह सितम्बर 2003 को किसान नेता चौधरी जगवीर सिंह की उनके पैतृक गांव सिसौली क्षेत्र के गांव अलावलपुर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में उनके पुत्र एवं पूर्व मंत्री योगराज सिंह ने चौधरी नरेश टिकैत, अलावलपुर निवासी राजीव उर्फ बिट्टू और प्रवीन को भी नामजद कराया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही राजीव उर्फ बिट्टू और प्रवीन की मौत हो गयी थी। जांच में पुलिस और सीबीसीआईडी ने चौधरी नरेश टिकैत को क्लीनचिट दे दी थी लेकिन वादी के बयान के तहत धारा 319 पर अदालत ने उन्हे आरोपी के रूप में तलब किया हुआ था।

# आगरा में ताजमहल तक पहुंचा यमुना का पानी

## मथुरा की 52 कॉलोनियों में भरा पानी, डूबने से 1 की मौत; छतों पर रात गुजार रहे लोग

**आगरा/मथुरा।** मथुरा और आगरा में 45 साल बाद बाढ़ आई है। यमुना का पानी आगरा में ताजमहल तक आ चुका है। शहर के अंदर भी 2 फुट तक पानी आ चुका है। दरअसल, मथुरा में यमुना डेंजर लेवल से 1 मीटर ऊपर बह रही हैं। इससे 52 कॉलोनियों में पानी भर गया है। यही नहीं, पानी मथुरा के मंदिरों तक पहुंच गया है। इसके चलते नदी के आस-पास के मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए हैं।

एनडीआरएफ ने अब तक 500 लोगों को सुरक्षित राहत शिविर में पहुंचाया है। इसके अलावा अभी भी बहुत सारे लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं। लोग छतों पर रात काट रहे हैं। वहीं बाढ़ के पानी में डूबने से मथुरा में 1 शख्स जितेंद्र की मौत हो गई है। वो घर के बाद भरे पानी में ही डूब गया।

आगरा में यमुना नदी के घाट के रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। ताकि लोग सेल्फी-तस्वीर लेने के लिए घाट तक न जाए। आगरा में शहर के अंदर पानी पहुंच चुका है। लोगों को एहतियात के साथ घर से निकलने के लिए कहा गया है। वहीं, सोमवार सुबह से मथुरा, नोएडा और सहारनपुर में बारिश हो रही है।

### 3000 से ज्यादा घरों में पीने के पानी का संकट

डीएम पुलकित खरे बाढ़ राहत शिविर केंद्र पहुंचे। बाढ़ पीड़ितों के बीच जमीन पर बैठकर उन्होंने बात की। डीएम ने एक केंद्र के लिए एक डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी बना दिया है। ताकि लोगों को साफ पानी और भोजन मुहैया कराया जा सके। यमुना जल में हुई बढ़ोतरी का असर अब पूरे शहर में देखने को मिल रहा है। वृंदावन में 18 से ज्यादा नलकूप बंद हो गए हैं। जिसकी वजह से 3000 से ज्यादा घरों में पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है। कई इलाकों में नगर निगम टैंकरों से सप्लाई करने कर रहा है।

# मेरठ में रैपिड रेल के पिलर का लेंटर गिरा

## नीचे काम कर रहे 8 मजदूर घायल, 2 की हालत गंभीर



**मेरठ।** मेरठ में सोमवार सुबह रैपिड एक्स के कॉरिडोर कंस्ट्रक्शन के पिलर का लेंटर गिर गया। हादसे में काम कर रहे 8 मजदूर घायल हो गए। इसमें 2 की हालत गंभीर है। सभी घायल मजदूरों को केएमसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रैपिड रेल की शताब्दी नगर साइट पर रात 12 बजे से कंक्रीट डालने का काम चल रहा था। सुबह करीब 3 बजे उसका टेम्पररी सपोर्ट स्ट्रक्चर नीचे गिर गया। इसमें 8 मजदूर दब गए। आसपास के लोगों ने घायल मजदूरों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल ले गए। घायल मजदूर हिमाचल, बिहार और यूपी के रहने वाले हैं। गनीमत रही कि हादसे के वक्त आम जनता नहीं थी। हादसे की जांच के लिए 3 अफसरों की समिति बनाई गई है। गिरे हुए टेम्पररी सपोर्ट स्ट्रक्चर और मटेरियल को हटाने के कार्य आरंभ कर दिया गया है। दिल्ली से मेरठ और मेरठ से दिल्ली जाने का रास्ता भी खुला हुआ है। ट्रैफिक सामान्य चल रहा है। वहीं घटना की जांच के लिए तीन अधिकारियों की समिति बनाई गयी है। घायल हिमाचल और बिहार, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के रहने वाले मजदूर हैं। इसमें धीरज पुत्र दुर्गा दल निवासी राजगढ़ मंडी हिमाचल प्रदेश, सुरजीत कुमार पुत्र उमेश पासवान निवासी भोजपुर बिहार, राम इकबाल पुत्र बालकरण निवासी बहराइच उद्धव जिला देवरिया उत्तर प्रदेश, धर्मेंद्र पुत्र नर्मदा यादव निवासी बहराइच, चंदन कुमार पुत्र सुरेश शाह निवासी भोजपुर बिहार, भोला पुत्र जयवीर पासवान निवासी भोजपुर बिहार(गंभीर रूप से घायल है वेंटीलेटर पर है), सोनू कुमार पुत्र श्याम बिहारी निवासी गाजीपुर, विद्यासागर पुत्र विनोद पासवान निवासी भोजपुर बिहार का रहने वाला है। भोला की हालत क्रिटिकल है।

## बरेली में सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के बहेड़ी क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार मां बेटी की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक देहात राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि शाहजहांपुर खुदागंज के अकबरिया गांव निवासी हरि शंकर रुद्रपुर में एक फैक्ट्री में काम करता है। वह पत्नी चमेली देवी (24) और 18 माह की बेटी सोमिया के साथ बाइक से शाहजहांपुर अपने घर जा रहा था कि बहेड़ी क्षेत्र में शेरगढ़ चौराहे के पास पीछे से आ रही रेता से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। इस हादसे में चमेली देवी और सोमिया की मौत हो गई जबकि हरिशंकर (28) घायल हो गया।

# बुलंदशहर में उफान पर गंगा, प्रशासन अलर्ट

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा राजघाट, नरवर घाट और करण वास में बढ़ते गंगा जलस्तर का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप जिलाधिकारी डिवाई प्रियंका गोयल, सिंचाई विभाग के ऊपरी और निचली गंगा नहर के सहायक अभियंता और अवर अभियंता, फॉरेस्ट रेंजर, राजघाट के ग्राम प्रधान आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गंगा नदी का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन गंगा नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही है। रविवार को राजघाट में कच्चे घाट की तरफ और करण वास में एक जगह कटान की सूचना पर तुरंत दोनों स्थानों पर कटान रोधी कार्रवाई तत्काल प्रारंभ करा दी गई थी। जिला अधिकारी बुलंदशहर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में रात में भी एडीएम द्वारा सिंचाई विभाग के द्वारा कराए जा रहे उन कार्यों का निरीक्षण किया गया था और सिंचाई विभाग को कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिये गए थे। निरीक्षण के समय यह संज्ञान में आया कि उन दोनों स्थानों पर पेड़ों की डालियां और बालू के बैग और बोल्डर पत्थर भरकर कटान को रोक दिया गया है और वह दोनों कार्य पूर्ण हो गए हैं। उन दोनों स्थानों पर गंगा नदी का कटान रुक गया है।

# इटावा जिला प्रशासन करेगा मरीजों की पिटाई की जांच

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिला प्रशासन ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में मरीजों को पीटे जाने के वीडियो पर गंभीर रूख अख्तियार करते हुये मामले की जांच के लिये पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि जिलाधिकारी अवनीश राय ने पांच प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम 'थप्पड़ कांड' की जांच के लिए गठित की है। जांच टीम में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, एसडीएम सैफई रामदयाल, सीओ सैफई नागेंद्र चौबे शामिल है।

उन्होने बताया कि जांच टीम के सदस्यों ने दोनों पीड़ित मरीजों से घटना की जानकारी ली। जांच टीम के सदस्यों ने सिलसिलेवार ढंग से एक-एक बिंदु और विषय पर मरीजों से बात की और पूछा कि आखिरकार डॉक्टरों ने उनको क्यों पीटा है। सूत्रों के अनुसार 10 और 11 जुलाई को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी से पिटाई के दो वीडियो वायरल हुए जिसमें दो अलग-अलग डॉक्टर दो मरीजों के साथ में थप्पड़बाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# नकली करेंसी छापने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## उत्तराखंड में छापकर यूपी के बाजारों में चलाते थे नकली करेंसी, 20 दिन से नोट छापने किया था शुरू

**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस ने नकली करेंसी छापने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 51750 रुपए की नकली करेंसी भी बरामद हुई है। आरोपी नकली करेंसी छापकर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई करते थे। आरोपी यूपी-उत्तराखंड में नकली करेंसी को दुकानदारों और रेहड़ी वालो के पास चलाते थे। मामला थाना बड़गांव क्षेत्र का है।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात सागर जैन ने बताया, थाना बड़गांव पुलिस ने नकली नोट छापने वाले दो अभियुक्त जसवंत और रवि को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 51750 रुपए की नकली करेंसी, लैपटॉप, एक प्रिंटर, एक बाइक बरामद की है। आरोपी 20 दिनों से नकली करेंसी छापने का काम कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने सात से आठ हजार नकली करेंसी बाजारों में चलाई है।

### छोटे नोट बनाते थे आरोपी


पुलिस के अनुसार, आरोपी रवि नोट बनाता था। रवि 8वीं पास है और उसे कंप्यूटर का ज्ञान है। जल्द अमीर बनने के चक्कर में अपने साढ़ू जसवंत को भी नकली करेंसी बनाने में साथ ले आया। जसवंत अनपढ़ है। दोनों ही उत्तराखंड के रहने वाले हैं। रवि उत्तराखंड के लक्सर में किराए के मकान में रहता था। वहीं पर नकली करेंसी छापते थे। जिससे लोगों को शक न हो आरोपी 50 और 100 रुपए के नोट छापते थे। जिसे बाजार में आसानी से चला सके।

### उत्तराखंड में छापकर यूपी में चलाते थे नोट

आरोपियों ने किराए पर मकान ले रखा था। मकान में कंप्यूटर, प्रिंटर और स्केनर लगाए हुए थे। उत्तराखंड में नोट छापते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी नौसिखिए है। आरोपी 19 एमएम के पेपर पर नकली करेंसी छाप रहे थे। 50 के 82 जाली नोट कुल 4100 रुपए, 100 के कुल 26 जाली नोट, 50 के कुल 836 जाली नोट दोनों तरफ से प्रिंट हुए। 21 जाली नोट 50 रुपए के बरामद हुए है, जो एक तरफ से प्रिंट हुए है।

# नाबालिग लड़की का किडनैप करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

## साल भर पहले अपहृत किशोरी भी हुई बरामद, दूसरी जगह बेचने जा रहे थे



औरैया। औरैया में नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर ले जाकर बेचने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही साल भर पहले अपहृत किशोरी को भी बरामद कर लिया है। आरोपी किशोरी को दूसरी जगह बेचने जा रहे थे तभी पुलिस ने उनको धर दबोचा। दिबियापुर थाने में 17 मई को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी की उसकी नाबालिग पुत्री कहीं चली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

एसपी चारु निगम ने मामले में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिसमें दिबियापुर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी धीरू पुत्र राजू बाल्मकी आंबेडकरनगर पुखरायां कानपुर देहात, अरुणेश पुत्र महेश चंद्र सहायल, ममता पत्नी महेश चंद्र सहायल व केशवती पत्नी नाथूराम भोगनीपुर कानपुर देहात को फफूंद रोड पर बैसुंधरा चौराहे के पास से पकड़ लिया।

इनके पास से साल भर पहले गायब हुई नाबालिक किशोरी को भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया की वह लोग लड़कियों को बहला फुसलाकर ले जाते हैं और उन्हें बेंच देते हैं।

## बिजनौर में मकान की दीवार ढही, एक की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर के स्योहारा में उस वक्त एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक गरीब के मकान की दीवार अचानक से गिर गई। मकान की दीवार के नीचे दबने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरा मामला बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के बिरामपुर का है, जंहा के रहने वाले फ़ैसल 20 वर्ष पुत्र मुर्तजा की अपने ही कच्चे मकान की दीवार गिरने से दीवार में दबने से मौत हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक फैसल का परिवार बेहद गरीब परिवार है मजदूरी कर अपने घर की गुज़र बसर कर रहा था। मृतक युवक की मां की मौत पहले ही हो चुकी है, जबकि उसके बाद बीमार है परिवार का पालन-पोषण मृतक फैसल खुद मजदूरी करके करता था।

# कौशांबी में किसानों ने बिजली स्टोर के बाहर की तालाबंदी

**कौशांबी।** कौशांबी में बिजली अफसरों की मनमानी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने बिजली विभाग के स्टोर गेट पर तालाबंदी कर दी है। सोमवार को दर्जनों किसानों के साथ किसान नेताओं ने गेट पर दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन कर स्टोर का काम ठप करा दिया है।

किसान नेता के मुताबिक बिजली विभाग मे लापरवाही का आलम यह है कि स्टोर इंचार्ज अधिशासी अधिकारी जनपद के दफ्तर मे नहीं बैठते। जिसके चलते किसान नलकूप का समान रुपये जमा करने के बाद भी महीनो चक्कर लगाता रहता है। किसान प्रदर्शन शुरू होने के बाद बिजली विभाग के हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

भारतीय किसान यूनियन के नेता नुरुल इस्लाम के मुताबिक, जिले मे धान की बुवाई का चल रहा है। किसान को फसल रोपाई के लिए खेत मे पानी की जरूरत है। बरसात न होने के खेत सूखे है। नहर मे पानी नहीं है कि खेत मे पानी भर कर काम चलाया जा सके। ऐसे मे किसान नलकूप लगा कर अपने खेत व आसपास के लोगो के खेत के लिए पानी का इंतजाम करना चाहते है, लेकिन बिजली विभाग ने नलकूप बोर करा लेने के बाद उसे बिजली के कनेशन के लिए उपकरण नहीं मुहैया करा पा रहा है। दर्जनों की संख्या में किसान रोज बिजली विभाग मे तार पोल और ट्रांसफार्मर के लिए चक्कर लगा कर लौट जा रहा है। स्टोर कर्मियों की मनमानी के चलते विभाग मे रुपए जमा होने के बाद भी महीनों किसान को समान के लिए अपनी गाढ़ी कमाई तेल किराये में गवां कर वैराग्य घर वापस लौटना पड़ता है।

## शार्ट न्यूज

### बीएसई का बाजारपूंजीकरण नये शिखर पर

मुंबई। देश की प्रमुख दिग्गज कंपनियों में हुयी लिवाली के बल पर आज शेयर बाजार में नये शिखर पर पहुंचने के साथ ही निवेशक भी मालामाल हो गये क्योंकि बीएसई के निवेशकों ने एक ही दिन में 507311 करोड़ रुपये की कमाई की है और बीएसई का बाजार पूंजीकरण 30359528.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 529 अंकों की तेजी लेकर अब तक रिकार्ड उच्चतम स्तर 66589.93 अंक के शिखर पर पहुंच गया। इस तेजी में बीएसई का बाजार पूंजीकरण पिछले कारोबारी दिवस के 29852217.82 करोड़ रुपये से 507311.14 करोड़ रुपये बढ़कर 30359528.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले गत छह जुलाई को बीएसई का बाजार पूंजीकरण 30170635.89 करोड़ रुपये रहा था लेकिन इसके बाद यह गिरकर नीचे आ गया था।

### नोकिया एवं टीएसएससी का गुजरात में 5जी कौशल विकास उत्कृष्ठता केन्द्र

नयी दिल्ली। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया ने टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल और अहमदाबाद के कौशल्या-दि स्किल युनिवर्सिटी के साथ गठबंधन में कौशल विकास के लिए नोकिया सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (सीओई) की स्थापना करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस केंद्र का उद्घाटन गुजरात के श्रम, कौशल विकास और रोजगार मंत्री बलवंतसिंह राजपूत ने किया। आईटीआई कुबेरनगर में यह सीओई कम से कम 70 प्रतिशत उम्मीदवारों को पाठ्यक्रम समाप्ति के 4 से 6 सप्ताह के भीतर प्लेसमेंट कराने के लक्ष्य के साथ 5जी टेक्नोलाजी में प्रशिक्षण के लिए एक स्किल लैब स्थापित कर रहा है। परियोजना के प्रथम वर्ष में इस कार्यक्रम से करीब 300 उम्मीदवार लाभान्वित होंगे। नोकिया अपने इंडिया सीएसआर कार्यक्रम के तहत सीओई में पांच लैब के लिए आधारभूत ढांचा, उपकरण और प्रशिक्षण में निवेश करेगी।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें आज भी स्थिर रही, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर आज जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.37 प्रतिशत की गिरावट लेकर 74.39 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 1.34 प्रतिशत गिरकर 78.80 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### यूनिवर्सिटी लिविंग ने एआई आधारित टूल किया लांच

नयी दिल्ली। छात्रों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने में मददगार प्लेटफॉर्म यूनिवर्सिटी लिविंग ने एआई से चलने वाला एक नया टूल स्टूडेंटएकोमोडेशनजीपीटीडॉटएआई लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस टूल की मदद से विद्यार्थी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सबसे उपयुक्त आवास खोज सकते हैं। आवास को खोजने की उबाऊ प्रक्रिया आसान बनाने के लिये डिजाइन किया गया यह नया टूल मिनटों में आदर्श आवासों से विद्यार्थियों का परिचय कराएगा और उन्हें कई उपलब्ध विकल्प दिखाएगा। यह एआई टूल विद्यार्थी की पसंदीदा जगह, बजट और अन्य जरूरतों का ध्यान उन्हें आवास के लगभग असीमित विकल्प देने से पहले रखेगा और इस प्रकार प्रक्रिया को परेशानीरहित और सुविधाजनक बनाएगा। स्टूडेंटएकोमोडेशनजीपीटीडॉटएआई एक व्यापक प्लेटफॉर्म है, जो विद्यार्थियों की आवश्यकताओं पर केन्द्रित है और किफायती तथा आरामदायक आवास खोजने के लिये इसमें एक निजीकृत सर्च बार है। यह एआई प्लेटफॉर्म बुकिंग की प्रक्रिया में भी विद्यार्थियों की सहायता करता है और विद्यार्थियों को अपने अस्थायी घर खोजने में सक्षम बनाता है।

### फ्लिपकार्ट से जुड़ी कंपनी ने सैमसंग-गूगल समेत 100 से अधिक ब्रांडों से किया करार

**नई दिल्ली।** आजकल ऑनलाइन खरीदारी चलन बढ़ा है। ऑनलाइन खरीदारी करने वालों की चिंता का सबसे बड़ा कारण रहता है उत्पादों की सर्विसिंग से जुड़ी प्रक्रिया का जटिल होना। कई बार ग्राहकों को सर्विसिंग के मामले में निराशा हाथ लगती है। हालांकि अब इस काम को आसान बनाने का बीड़ा फ्लिपकार्ट की ओर से अधिगृहित कंपनी जीव्स ने उठाया है। कंपनी केवल फ्लिपकार्ट ही नहीं बल्कि ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी खरीदी गई इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की सर्विसिंग के लिए अपनी सेवाएं मुहैया कराती हैं। जीव्स ने अब तक 100 से ज्यादा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के साथ साझेदारी की है, जिनमें सैमसंग व गूगल पिक्सल जैसे नाम शामिल हैं। कंपनी की सीईओ डॉ. निपुण शर्मा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हमारा लक्ष्य भरोसेमंद सर्विस प्रोवाइडर के जरिये ग्राहकों के लिए प्रोडक्ट की इंस्टॉलेशन, रिपेयरिंग एवं मैंटेनेंस जैसी सुविधाओं को आसान बनाना है। शर्मा ने बताया कि उत्पादों की खरीद के बाद एंड-टू-एंड सर्विस प्रदान करने के लिए 2014 में फ्लिपकार्ट और जीव्स के बीच साझेदारी हुई थी।

### सरकार की पहल से 13.5 करोड़ लोग पांच साल में गरीबी से मुक्त हुए

नई दिल्ली। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापी गई बहुआयामी गरीबी से मार्च 2021 में समाप्त पांच वर्षों में 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में सबसे तेजी से गरीबी में कमी दर्ज की गई है। नीति आयोग की सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के दूसरे संस्करण के अनुसार, 2015-16 में बहुआयामी गरीबी का आंकड़ा 24.85 प्रतिशत था जो 9.89 प्रतिशत घटकर 2019-2021 में 14.96 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे तेजी से गिरावट देखी गई और यह 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत रह गई। वहीं, शहरी क्षेत्रों में गरीबी 8.65 प्रतिशत से घटकर 5.27 प्रतिशत हो गई। नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी की ओर से जारी रिपोर्ट %राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक ॒प्रगति समीक्षा 2023 में कहा गया है, 2015-16 और 2019-21 के बीच रिकॉर्ड 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी निर्धनता से बाहर निकले। राष्ट्रीय एमपीआई स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन समान रूप से भारित आयामों में एक साथ अभावों को मापता है जो 12 एसडीजी-संरेखित संकेतकों से दर्शाया गया है।

### बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए करों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए होगा समझौता

**नई दिल्ली।** अमेरिका, भारत और करीब 140 अन्य देश वैश्विक कर नियमों में आमूलचूल बदलाव के लिए एक समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस समझौते के बाद बहुराष्ट्रीय कंपनियां जहां भी काम करती हैं वहां करों का भुगतान करें यह सुनिश्चित किया जा सकेगा। जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक से इतर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने ओईसीडी के समावेशी ढांचे में ऐतिहासिक दो स्तंभ वाले वैश्विक कर सौदे को अंतिम रूप देने पर भारत के ध्यान केंद्रित करने की सराहना की। येलेन ने द्विपक्षीय बैठक में अपनी टिप्पणी में कहा, मेरा मानना है कि हम एक समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। अंतरराष्ट्रीय कराधान प्रणाली में एक बड़े सुधार के तहत भारत समेत करीब 140 देश वैश्विक कर नियमों में आमूलचूल बदलाव पर सहमत हो गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां जहां भी काम करती हैं, कम से कम 15 प्रतिशत की दर से कर का भुगतान करें। हालांकि, इस समझौते में शामिल देशों को सभी डिजिटल सेवा कर और इसी तरह के अन्य उपायों को हटाने और भविष्य में इस तरह के उपायों को पेश नहीं करने की प्रतिबद्धता जाहिर करने की जरूरत होगी।

# 18 दिग्गज कंपनियों में लिवाली की बदौलत सेंसेक्स फिर नए शिखर पर

मुंबई। वैश्विक बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम मजबूत रहने से एसबीआई, विप्रो, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स एक बार फिर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 529.03 अंक की उड़ान भरकर 66,589.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 146.95 अंक की तेजी लेकर 19,711.45 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.29 प्रतिशत चढ़कर 29,477.41 अंक और स्मॉलकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 33,986.98 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3856 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2072 में लिवाली जबकि 1602 में बिकवाली हुई वहीं 182 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि शेष 20 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफा में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जिससे बैंकिंग समूह के शेयरों में सबसे अधिक 1.45 प्रतिशत की तेजी रही। इसके साथ ही कमोडिटीज 0.72, ऊर्जा 0.62, वित्तीय सेवाएं 1.11, हेल्थकेयर 0.81, इंडस्ट्रियल्स 0.47, आईटी 0.26, कैपिटल गुड्स 0.19, धातु 0.17, तेल एवं गैस 0.38, पावर 0.28 और टेक समूह के शेयर 0.04 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29, जर्मनी का डैक्स 0.35, जापान का निक्केई 0.09 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.87 प्रतिशत गिर गया। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में मामूली तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 87 अंक की तेजी लेकर 66,148.18 अंक अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,015.63 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,656.21 आंकने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,060.90 अंक के मुकाबले 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 48 अंक उठकर 19,612.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान अंक के निचले जबकि 19,731.85 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,564.50 अंक की तुलना में 0.75 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19,711.45 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एसबीआई 2.81, विप्रो 2.54, रिलायंस 2.10, एचडीएफसी बैंक 2.07, कोटक बैंक 1.45, टेक महिंद्रा 1.24, इंडसइंड्स बैंक 1.04, मारुति 0.88, आईसीआईसीआई बैंक 0.79, एक्सिस बैंक 0.78, टाटा स्टील 0.56, सन फार्मा 0.48, पावर ग्रिड 0.37, एचसीएल टेक 0.20 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.12 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टाटा मोटर्स 1.02, भारती एयरटेल 0.89, टाइटन 0.70, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.66, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.66, टीसीएस 0.57, एनटीपीसी 0.51, नेस्ले इंडिया 0.38, बजाज फिनसर्व 0.21, इन्फोसिस 0.18, एलटी 0.17 और आईटीसी ने 0.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# स्टेशनों तक पहुंच सुलभ नहीं होने से प्रभावित हो रही मेट्रो रेल सुविधाओं का उपयोग

**नयी दिल्ली।** सरकार देश में भले शहरों में मेट्रो रेल के विस्तार पर जोर दे रही हो लेकिन आज जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्टेशनों तक आसानी से पहुंचने की सुविधा नहीं होने या अधिक समय लगने के कारण राजधानी दिल्ली के साथ ही बेंगलुरु और नागपुर में इस सुविधा का उपयोग प्रभावित हो रहा है।

वाहन बनाने वाली कंपनी टोयोटा मोटर कार्पोरेशन की जन कल्याण संस्था टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन और डब्ल्यूआरबाई इंडिया द्वारा इस संबंध में एक रिपोर्ट जारी की गयी जिसमें यह दावा किया गया है। इन दोनों ने स्टेशन एस्सेस एंड मोबिलिटी प्रोग्राम के तहत दिल्ली, बेंगलुरू और नागपुर में 7200 मेट्रो यात्रियों पर किये गये सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेशनों तक पहुंच सुलभ नहीं होने के कारण मेट्रो रेल सिस्टम का उपयोग प्रभावित हो रहा है। इसमें कहा गया है कि मेट्रो रेल सिस्टम में व्यापक पैमाने पर निवेश किये जाने के बावजूद लास्ट माइल कनेक्टिविटी की कमी के कारण मेट्रो रेल के पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो रहा है। इस समस्या का तत्काल



समाधान किये जाने की आवश्यकता भी बतायी गयी है।

डब्ल्यूआरआई इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी माधव पाई ने रिपोर्ट जारी करते हुये कहा कि इसमें व्यापक पैमाने पर डेटा संग्रह करने और मेट्रो यात्रियों के व्यवहार का प्रत्येक स्टेशन पर विश्लेषण करने की आवश्यकता बतायी गयी है। इससे शहरों को उचित सेवाओं को डिजाइन करने में मदद मिलेगी जिससे यात्रियों की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सकेगा। मेट्रो यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए लास्ट माइल यात्री के व्यवहार को समझने की जरूरत है क्योंकि यह मेट्रो के उपयोग को प्रभावित करने में सबसे बड़ा बाधक बनकर उभरा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आमतौर पर मेट्रो का उपयोग करने वालों में 18 से 35 आयु वर्ग के लोग सबसे अधिक है। ये लोग कार्यस्थल या शैक्षणिक संस्थानों तक जाने के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि मेट्रो के यूजर लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए पैदल आना जाना या किफायती परिवहन व्यवस्था का उपयोग करना पंसद करते हैं। इसमें ऑटो रिक्शा सबसे पंसदीदा मॉड है। इन तीनों शहरों में जिन लोगों को सर्वे में शामिल किया गया है उनमें से 75 प्रतिशत लोग लास्ट माइल शेयर मॉड वाले मेट्रो यूजर थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लोग विशेषकर महिलायें समय को लेकर बहुत संवेदनशील है जिन्हें लास्ट माइल मॉड के लिए प्रतीक्षा करना पड़ता है। इसमें यह भी कहा गया है कि जब लास्ट माइल कनेक्टिविटी का विकल्प आता है तो लोग त्वरित और शीघ्र उपलब्ध सेवाओं को महत्व देते हैं। इसमें कहा गया है कि मेट्रो रेल का वर्तमान किराया टैरिफ भी महिलाओं के लिए अनुपयोगी है क्योंकि वे कम दूरी की यात्रा करती हैं लेकिन उन्हें अधिक किराया देना पड़ता है। इसके मद्देनजर ऐसे किराया पैटर्न बनाने का सुझाव दिया गया है जिसमें लिंग आधारित ट्रेवल पैटर्न को ध्यान में रखा गया हो। इसमें कहा गया है कि आमतौर पर मेट्रो स्टेशनों तक पहुंचने के लिए यूजर 20 मिनट तक का समय लगाना चाहते हैं जिसमें लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए प्रतीक्षा समय भी शामिल है।

इसमें मेट्रो सेवा के उपयोग को बढ़ाने के लिए भी कई सुझाव दिये गये हैं जिसमें कहा गया है कि लास्ट माइल कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाना चाहिए। प्रतीक्षा अवधि कम किया जाना चाहिए तथा औसत स्पीड भी बढ़ाने की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि सभी शहर एक जैसे नहीं है। यूजर भी अलग अलग है।

## पीएनबी ने पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रोजेक्ट पीएनबी पलाश लॉन्च किया




**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सोमवार को अपनी पर्यावरण पहल पीएनबी पलाश शुरू करने की घोषणा की, जो स्थिरता को अपनाने के लिए आठ महीने की अवधि का अभियान है। पीएनबी ने एक बयान में कहा कि इस अभियान से ऊर्जा और संसाधन संरक्षण, कागज कटौती, अपशिष्ट प्रबंधन और सुव्यवस्थित डिजिटल प्रक्रियाओं जैसे उपायों के माध्यम से लागत बचत और परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी।

जीवन के हर पहलू में स्थिरता को एकीकृत करने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, पीएनबी के प्रबंध निदेशक अतुल कुमार गोयल ने कहा, उद्योग में एक अग्रणी बैंक के रूप में, पर्यावरण-अनुकूल पहल करना न केवल हमारी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के अनुरूप है, बल्कि व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण अवसर भी प्रस्तुत करता है। विकास। उन्होंने कहा, इस परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य संरक्षण प्रयासों में सक्रिय रूप से योगदान देना, टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने को बढ़ावा देना और सक्रिय कर्मचारी जुड़ाव को बढ़ावा देना है।

इसमें कहा गया है कि इस पहल के तहत, पीएनबी के एक लाख से अधिक कर्मचारी प्रत्येक में न्यूनतम दो पौधे लगाएंगे। इस परियोजना के तहत अभियान के कुछ विषयों में डिजी शाखाएँ, हरित डेटा केंद्र, विद्युत वाहन वित्त, हरित परियोजना वित्त, रीसाइक्लिंग शिविर, वृक्षारोपण अभियान, कागज संरक्षण अभियान, ऊर्जा संरक्षण ओलंपियाड और कागज संरक्षण अभियान आदि शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि आरबीआई के टिकाऊ वित्त के दृष्टिकोण और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की एक पहल, उन्नत पहुंच और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई 6.0) की छठी पुनरावृत्ति है।

## गेहूं मिलिंग, बेकिंग तकनीक पर गुवाहाटी में अंतर्राष्ट्रीय बैठक 20-21 जुलाई को

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। गेहूं पर आधारित प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद उद्योग के मंच व्हीट प्रोडक्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (डब्ल्यूपीपीएस) इस उद्योग से जुड़े तकनीकी पक्षों पर 20 और 21 जुलाई को गुवाहाटी में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है।

डब्ल्यूपीपीएस की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन में मिलिंग और बेकिंग तकनीकों पर विशेष रूप से चर्चा होगी और इसमें गेहूं आधारित उद्योगों के भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। सम्मेलन में भारत, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के उद्योग विशेषज्ञों, विशेषज्ञों और प्रमुख व्यक्तियों को एक साथ लाएगा।

डब्ल्यूपीपीएस 33 साल पुरानी गैर सरकारी संगठन है। संगठन के अध्यक्ष अजय गोयल के हवाले से बयान में कहा, यह आयोजन गेहूं आधारित उद्योगों की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने, नवाचार और सहयोग के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य आटा पिसाई, ब्रेड, बिस्कुट, केक, पास्ता, कारीगर बेकरी, होम बेकरी, उद्यमियों, व्यावसायिक पेशेवरों और विपणक सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों को उनके विशिष्ट हितों पर चर्चा में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

बयान में कहा गया है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े गेहूं उत्पादकों में से एक के रूप में उभरा है, जिसमें एक मजबूत बिस्किट विनिर्माण आधार और 80 लाख से अधिक दुकानों के साथ एक विशाल खुदरा नेटवर्क है।

# अरावली इकोसिस्टेम के संरक्षण के लिए डीजीजीआई खुफिया महानिदेशालय द्वारा पौधेरोपण

नयी दिल्ली। हरित महोत्सव के क्रम में माल एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) नई दिल्ली के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग और दिल्ली विकास प्राधिकरण के सहयोग से राजधानी के वसंत कुंज स्थित अरावली जैव विविधता पार्क में अरावली इकोसिस्टम के संरक्षण में योगदान के उद्देश्य से पौधारोपण किये हैं।

वित्त मंत्रालय द्वारा आज यहां जारी बयान के अनुसार इस पौधारोपण अभियान में जीएसटीआई के प्रधान महानिदेशक सुरजीत भुजबल सहित डीजीजीएसटीआई मुख्यालय और दिल्ली क्षेत्रीय इकाई कार्यालयों के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भागीदारी रही। अरावली इकोसिस्टम के देशज स्थानीय, क्षेत्रीय किस्मों/प्राकृतिक उपभेदों के लगभग 200 पौधे स्थानीय वनस्पतियों को समृद्ध करने के लिए लगाए गए। इनसे न केवल इकोसिस्टम में गिरावट को रोकने में, बल्कि जीव-जंतुओं को समृद्ध करने में मदद मिलेगी और डीडीए के संरक्षण प्रयासों में भी सहायता मिलेगी। एल्बिजिया लेबेक (सिरिस), बाउहिनिया एक्युमिनाटा (कचनार), डायोस्पायरोस म्लंटाना (तेंदु), किडिया कैलीसीना (भारंगा), मुरैना पैनिकुलता (कादिपाठा), निक्टेन्थेस आर्बर-ट्रिस्टिस (हरसिंगार), सैपिंडस ट्राइफोलियाटुआ (रीटा), सैपेंडस की स्थानिक स्थानीय प्रजातियां इमर्जिनाटा (रीटा का एक अन्य प्रकार), सेनेगलिया मोडेस्टा (फुलाई), सेनेगलिया कैटेचू (खयार), सेनेगलिया सेनेगल (कुमथा), स्टीरियोस्पर्मम चेलोनोइड्स (पटला), टर्मिनलिया बेलिरिका (बहेड़ा), टर्मिनलिया एलिप्टिका (आसन), राइटिया आर्बोरिया (डुथी) और राइटिया टिनक्टोरिया (एनोजर डूथी भी) की स्थानीय प्रजातियों के पौधे स्थानीय इकोसिस्टम को समृद्ध बनाने के लिए लगाए गए। यह वृक्षारोपण अभियान न केवल जैव विविधता के आवास और प्रमुख प्रजातियों का संरक्षण करने तथा अन्य लुप्त होने के कगार पर खड़े पौधों और जानवरों की प्रजातियों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करेगा, बल्कि इससे खतरे वाली भूमि प्रजातियों और जंगली आनुवंशिक संसाधनों के लिए फील्ड जीन बैंक स्थापित करने, पर्यावरण जागरूकता और प्रकृति संरक्षण के बारे में शिक्षा को बढ़ावा देने और विशेष रूप से दिल्ली क्षेत्र के यमुना बेसिन तथा अरावली पहाड़ियों के मूल समुदाय को स्थापित करने, उपचार के जड़ाऊ काम का विकास तथा जलग्रहण आर्द्रभूमि का विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# एचडीएफसी बैंक को जून तिमाही में 30 फीसदी बढ़ कर 11,952 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नयी दिल्ली/मुंबई। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष की 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में एक आधार पर 11,952 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जो 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बैंक ने आलोच्य तिमाही में कर्ज कारोबार तथा शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में अच्छी वृद्धि दर्ज की। बैंक की शुद्ध ब्याज आय में सालाना आधार पर 21.1 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गयी।

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा मुंबई में सोमवार को हुई बैठक में जून, 2023 में समाप्त तिमाही की वित्तीय रिपोर्ट को मंजूदी। विज्ञप्ति के अनुसार 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही में एचडीएफसी बैंक की सकल गैर-निष्पादनकारी परिसंपत्तियाँ-एनपीए (अवरुद्ध ऋण) पिछली तिमाही की तुलना में बढ़ कर 1.17 प्रतिशत पर पहुंच गया जो मार्च 2023 में 1.12 प्रतिशत था। 30 जून 2022 की तिमाही में सकल एनपीए 1.28 प्रतिशत थीं।

इस बार 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही में कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 15,912 करोड़ रहा। बैंक ने इस तिमाही के लिए 3,960 करोड़ रुपये के कराधान का प्रधान किया किया।

बैंक की एक विज्ञप्ति के अनुसार 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही में उसका शुद्ध राजस्व एकल आधार पर 26.9 प्रतिशत बढ़कर 32,829 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 25,870 करोड़ रुपये था।

इस दौरान उसकी शुद्ध ब्याज आय 21.1 प्रतिशत बढ़कर 23,599 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 19,481 करोड़ रुपये थी। इस बार जून तिमाही में सम्पूर्ण सम्पत्तियों पर बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.1 प्रतिशत रहा और ब्याज अर्जित करने वाले सम्पत्तियों पर शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.3 प्रतिशत रहा।

आलोच्य तिमाही में उसकी गैर ब्याज आय 9,230 करोड़ रुपये रही जो शुद्ध राजस्व का 28.1 प्रतिशत है। एक साल पहले इस मद में आय 6,388 करोड़ रुपये थी।

इस दौरान बैंक को फीस और कमीशन से 6,290 करोड़ रुपये की आय हुई जो एक साल पहले 5,360 करोड़ रुपये थी । विदेशी मुद्रा और डेरिवेटिव राजस्व कारोबार से आय 1,309 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष इसी तिमाही में 1,024 करोड़ रुपये), प्रतिभूतियों आदि के व्यापार और बाजार मूल्य में परिवर्तन के हिसाब से (मार्क्ड टू मार्केट) आदि से शुद्ध लाभ 552 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी दौरान 1,077 करोड़ रुपये था।

## कैट ने मोदी से ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी परिषद के फैसले में हस्तक्षेप का किया अनुरोध

नयी दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के ऑनलाइन गेमिंग को जुए से जोड़कर इस पर जीएसटी टैक्स लगाने के फैसले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। आठ करोड़ व्यापारियों और 40,000 से अधिक व्यापार संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यापार महासंघ और संघों के शीर्ष निकाय कैट ने श्री मोदी से अनुरोध किया है कि वे जीएसटी कॉउन्सिल के ऑनलाइन गेमिंग को जुए से जोड़कर इस पर जीएसटी लगाने के फैसले में हस्तक्षेप करे एवं इस पर पुनर्मूल्यांकन कर इस फैसले को रद्द करे। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि जीएसटी परिषद का यह निर्णय उद्योग जगत के लिए विनाशकारी है। यह फैसला इसको अव्यवहार्य बना देगा। इससे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ेगी। कैट महामंत्री ने कहा कि परिषद के अनुसार यह गेमिंग उपयोगकर्ताओं को अवैध ऑफशोर वेबसाइट की ओर भी ले जाएगा, जिससे डिजिटल नागरिकों के लिए इंटरनेट कम सुरक्षित हो जाएगा। खंडेलवाल ने कहा कि यह सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और इसको बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि बार-बार न्यायालयों ने भी गेमिंग और जुए को एक समान मानने के फैसले को असंवैधानिक बताया है। इसलिए, प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया है कि भारतीय उद्योग को बर्बाद होने से बचाएं और जीएसटी काउंसिल इस फैसले का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए समीक्षा करें। कैट महामंत्री ने कहा कि यह निर्णय डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की योजना के भी खिलाफ है। तेजी से बढ़ते इस क्षेत्र को नियमित करने और विकसित करने की जरूरत है, क्योंकि यह उद्योग को अस्थिर बना देगा और व्यवसाय को ऑफशोर जुआ प्लेटफार्मों तक ले जाएगा तथा एक उभरती हुई तकनीक को खत्म कर देगा।

## शार्ट न्यूज

### ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट के लिये टीम में लौटे एंडरसन

मैनचेस्टर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट के लिये जेम्स एंडरसन की इंग्लैंड एकादश में वापसी हुई है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को एकादश की घोषणा करते हुए कहा कि एंडरसन मध्यम-तेज़ गेंदबाज़ ओली रॉबिन्सन के स्थान पर टीम में लौटे हैं। लीड्स में खेले गये तीसरे टेस्ट में एंडरसन को आराम दिया था, जहां इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से मात दी थी। ओल्ड ट्रैफर्ड एंडरसन की काउंटी टीम लंकाशर का घरेलू मैदान है और चौथा एशेज़ टेस्ट इस स्टेडियम में एंडरसन का आखिरी मैच हो सकता है। लीड्स टेस्ट की दूसरी पारी में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले मोईन अली एकादश में बरकरार हैं, जबकि चोटग्रस्त ओली पोप श्रृंखला से बाहर हो गये हैं। चौथे टेस्ट के लिये इंग्लैंड एकादश : बेन डकेट, ज़ैक क्रॉली, मोईन अली, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, क्रिस वोक्स, मार्क वुड, स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन।

### अमेरिकी ओपन की हार ने गहरा प्रभाव छोड़ा

नयी दिल्ली। अमेरिकी ओपन में क्वार्टरफाइनल की हार ने भले ही पीवी सिंधु को झकझोर दिया हो, लेकिन शीर्ष भारतीय शटलर ने यह सीज़न शानदार प्रदर्शन के साथ खत्म करने का वचन उठाया है। सिंधु ने सोमवार को ट्वीट किया, इस हार ने मुझ पर एक गहरा भावनात्मक प्रभाव छोड़ा है, खास तौर पर मेरे लिये इस चुनौतीपूर्ण वर्ष को देखते हुए। प्रत्येक सफल टूर्नामेंट के बाद हार का अनुभव करना निराशाजनक है। मैं अपनी भावनाओं को अपने प्रयासों को दोगुना करने और वर्ष के शेष भाग को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने का संकल्प लेती हूं। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के दौरान सिंधु के टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ था, जिसके कारण उन्हें पांच महीने कोर्ट से दूर रहना पड़ा। चोट से वापसी करने के बाद सिंधु रंग में नजर नहीं आयीं और आधे से ज़्यादा सीज़न गुज़र जाने के बाद भी वह कोई खिताब नहीं जीत सकी हैं। अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में सिंधु को चीन की गाओ फांग जी के हाथों हार मिली। सिंधु ने ट्वीट किया, मेरी अमेरिकी ओपन यात्रा क्वार्टरफाइनल में समाप्त हुई, जहां मेरा सामना प्रतिभाशाली गाओ फांग जी से हुआ।

### स्टिमाच ने एशियाई खेलों में जाने के लिये मोदी से की अपील

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमाच ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने की अनुमति देने की अपील करते हुए सोमवार को कहा कि वह टूर्नामेंट में ' देश के गौरव और ध्वज' के लिये लड़ेंगे। खेल मंत्रालय ने पिछले सप्ताह भारतीय फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने से मना कर दिया था। खेल मंत्रालय के मानदंडों के अनुसार, भारतीय टीम एशियाई खेलों में तभी हिस्सा ले सकती है जब वह महाद्वीप की शीर्ष-आठ टीमों में हो। स्टिमाच ने ट्वीट किया, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से एक विनम्र अपील और गंभीर अनुरोध, कृपया हमारी फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने की अनुमति दें। हम अपने देश के गौरव और ध्वज के लिये लड़ेंगे! जय हिन्द! स्टिमाच ने इस ट्वीट के साथ संलग्न संदेश में श्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा, आपने हमेशा एक दिन फीफा विश्व कप में खेलने के भारत के सपने का समर्थन किया है और मुझे यकीन है कि अगर हमें इस तरह आपका निरंतर समर्थन मिलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हम वैश्विक मंच पर सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेंगे।
उस खत की तस्वीरें शेयर की हैं, जो उन्होंने दोनों नेताओं को लिखा है।

### दीया चितले ने यू मुंबा को लगातार दूसरी जीत दिलाई

**पुणे।** अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 4 में मुंबई की टीम ने लगातार दूसरी जीत हासिल की है। रविवार को शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुंबई ने गत चैंपियन चेन्नई को 8-7 से हरा दिया। मुंबई की जीत में युवा भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी दीया चितले का अहम योगदान रहा। दीया ने अपनी टीम को विश्व नंबर-32 यांग्जी लियू के खिलाफ महत्वपूर्ण आठवां टीम पॉइंट दिलाया। वह अपना मैच 6-11, 11-8, 3-11 से हार गई, लेकिन तब तक यू मुंबा टीटी मौजूदा चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबला जीतने के लिए जरूरी आठ टीम प्वाइंट तक पहुंच गई थी। इस मैच में विश्व के नंबर 18 खिलाड़ी कादरी अरुणा ने मुकाबले की शुरुआत से ही अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया और दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अचंता शरत कमल को आसानी से 3-0 से हराकर अपनी फ्रेंचाइजी के लिए तीन मूल्यवान टीम प्वाइंट अर्जित किए। कादरी शुरुआती गेम से ही शरत पर हावी थे। वह स्टार भारतीय खिलाड़ी के शक्तिशाली शॉट्स का जवाब देने के लिए शुरू से ही डिफेंसिव मोड में चले गए और फिर अपने सटीक फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए पहला गेम 11-8 से जीत लिया। दूसरे गेम में भी अरुणा सात बार के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पर हावी रहे। उन्होंने इसे भी उसी स्कोर के साथ जीता और तीसरा गेम 11-5 से जीतकर अपनी टीम का वर्चस्व कायम रखा।

### राहुल द्रविड़ आयरलैंड दौरे पर नहीं जाएंगे

भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ को आयरलैंड दौरे से आराम दिया जाएगा। द्रविड़ के साथ बैटिंग और बॉलिंग कोच भी आयरलैंड नहीं जाएंगे। इनकी जगह एनसीए मेंबर्स टीम इंडिया के साथ कोचिंग स्टाफ के रूप में रहेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीवीएस लक्ष्मण आयरलैंड दौरे पर हेड कोच रहेंगे। आयरलैंड दौरा 18 अगस्त से शुरू होगा। टीम इंडिया यहां 3 टी-20 मैच खेलेगी। माना जा रहा है कि हार्दिक पंड्या को ही यहां कप्तानी दी जाएगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। राहुल द्रविड़ के साथ बैटिंग कोच विक्रम राठौर और बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे भी आयरलैंड नहीं जाएंगे। तीनों 13 अगस्त को वेस्टइंडीज और अमेरिका का दौरा खत्म होने के बाद सीधे भारत आएंगे। मौजूदा कोचिंग स्टाफ को एशिया कप, ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज और सबसे अहम वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए ब्रेक दिया जा रहा है। 31 अगस्त से एशिया कप शुरू होगा। सितंबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 वनडे की सीरीज होगी। सीरीज के ठीक बाद 5 अक्टूबर से भारत में वनडे वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा। कोचिंग स्टाफ अहम टूर्नामेंट के लिए शांत रहकर तैयारी कर सके, इसीलिए उन्हें ब्रेक दिया जा रहा है।

### अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में बाढ़ के कारण पांच की मौत, दो लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में शनिवार शाम अचानक आई बाढ़ से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य अभी भी लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर मेकफील्ड टाउनशिप पुलिस विभाग ने फेसबुक पर कहा कि आकस्मिक बाढ़ ने कई मोटर चालकों को आश्चर्यचकित कर दिया और कई फंस गए। गौरतलब है कि अपर मेकफील्ड लगभग 8,800 निवासियों वाला बक्स काउंटी में एक टाउनशिप है, जो पेंसिल्वेनिया के सबसे बड़े शहर फिलाडेल्फिया से लगभग 56 किमी पूर्वोत्तर में स्थित है। स्थानीय पुलिस विभाग ने कहा कि यह क्षेत्र मूसलाधार बारिश की चपेट में आ गया, जिससे पूरे टाउनशिप के कई इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई। विभाग ने कहा, राहत एवं बचाव दल सुबह से ही लोगों को बचाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और यह प्रयास अपराह्न तथा शाम तक जारी रहेगा। विभाग ने रविवार सुबह घोषणा की कि बाढ़ में बह गए तीन लोग मृत पाए गए। बाद में चौथी और पांचवीं मौत की पुष्टि की। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ में मरने वाले पांच लोगों में दो लापता बच्चों की मां भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दक्षिण कैरोलिना का परिवार इलाके में रिश्तेदारों से मिलने गया था। वे बारबेक्यू के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन अचानक आई बाढ़ में फंस गया।

# शकील-सलमान की जोड़ी ने पाक को संभाला

एजेंसी

गाले। सऊद शकील (69 नाबाद) और आग़ा सलमान (61 नाबाद) के अर्द्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में सोमवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 221 रन बना लिये, हालांकि वह अब भी 91 रन से पिछड़ा हुआ है।
श्रीलंका को 312 रन पर ऑलआउट करने के बाद पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। गाले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की पिच पर प्रभात जयसूर्या ने बाबर आज़म (13) सहित तीन बल्लेबाज़ों को आउट किया और पाकिस्तान की आधी टीम 101 रन पर पवेलियन लौट गयी। शकील-सलमान की जोड़ी ने प्रत्याक्रमण करते हुए पाकिस्तान को मुसीबत से निकाला।




दोनों बल्लेबाज़ों ने 70 के अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये और लगातार श्रीलंकाई गेंदबाज़ों पर हावी रहे। शकील ने इस जवाबी हमले की अगुवाई करते हुए 69 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जबकि सलमान ने 66 गेंदों में 50 रन का आंकड़ा छुआ। यह 11 पारियों में शकील का छठा जबकि 15 पारियों में सलमान का चौथा अर्द्धशतक है। दोनों बल्लेबाज़ एक-एक शतक भी जड़ चुके हैं। शकील-सलमान के बीच दिन का खेल खत्म होने तक 111 रन की साझेदारी हो चुकी है, हालांकि यह पाकिस्तान की आखिरी बल्लेबाजी करने वाली जोड़ी है। शकील 88 गेंद पर छह चौकों की सहायता से 69 रन बनाकर और सलमान 84 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 61 रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं।
इससे पूर्व, श्रीलंका ने दिन की शुरुआत 242/6 के स्कोर के साथ की और पहले दिन 94 रन के स्कोर पर नाबाद लौटने वाले धनन्जय डी सिल्वा ने अपना 10वां टेस्ट शतक पूरा किया। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से किसी का साथ नहीं मिला और पाकिस्तान के स्पिनरों ने फुर्ती के साथ पुछल्ले बल्लेबाज़ों को पवेलियन लौटाना शुरू किया। श्रीलंका के आठ विकेट 282 रन पर गिरने के बाद डी सिल्वा ने बड़ा शॉट खेलना चाहा लेकिन गेंद सीधा डीप पॉइंट पर खड़े शान मसूद के हाथों में जा समाई।
विश्वा फर्नांडो (21 नाबाद) और कसुन रजिता (आठ) ने श्रीलंका को 300 रन के पार पहुंचाया, जिसके बाद अबरार अहमद ने रजिता को आउट कर मेज़बान टीम की पारी समाप्त की। अबरार, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को तीन-तीन विकेट हासिल हुए, जबकि आगा सलमान ने एक विकेट चटकाया।

# इमर्जिंग एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

कोलंबो। निशांत सिंधु (14/4) की घातक गेंदबाज़ी के बाद अभिषेक शर्मा (69 गेंद, 87 रन) और साई सुदर्शन (58 नाबाद) के अर्द्धशतकों की बदौलत भारत-ए ने पुरुष इमर्जिंग एशिया कप में सोमवार को नेपाल को नौ विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।
नेपाल ने ग्रुप-बी मुकाबले में भारत के सामने 168 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारत की ए टीम ने एक विकेट गंवाकर 22.1 ओवर में हासिल कर लिया। टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात-ए को हराने वाली भारतीय टीम दो मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप-बी से सेमीफाइनल में पहुंच गयी।
भारत के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरे अभिषेक और सुदर्शन ने शुरू से ही धुआंधार बल्लेबाज़ी की और पावरप्ले में 76 रन जोड़ लिये। अभिषेक ने 13वें ओवर में ललित राजवंशी को चौका लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया और इसके बाद खुलकर बल्लेबाज़ी की। वह अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित पौडेल की गेंद पर कुशल मल्ला को कैच दे बैठे। अभिषेक ने हालांकि 69 रन पर 12 चौकों और दो छक्कों की सहायता से 87 रन बनाकर भारत को जीत की दहलीज़ तक पहुंचा दिया था।
तीसरे नंबर पर बल्लेबाज़ी करने उतरे ध्रुव जुरेल ने छक्के के साथ खाता खोलकर जल्द से जल्द मैच खत्म करने की मंशा ज़ाहिर की।
एक चौके और दो छक्कों के साथ 12 गेंद पर 21 रन बनाने वाले जुरेल ने 23वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर ही मुकाबले को खत्म किया। सुदर्शन 52 गेंद पर आठ चौकों और एक छक्के की सहायता से 58 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पूर्व, नेपाल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी लेकिन यह फैसला उसपर भारी पड़ा।

# उत्तराखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस ने भारोत्तोलन में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी व अपर महानिदेशक अमित सिन्हा ने आंध्र प्रदेश में हुई राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर, राज्य का गौरव बढ़ा दिया है। इस प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने के बाद, वह विश्व चैंपियनशिप के लिए भी चयनित हो गए हैं।
राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए बताया कि गत 12 से 16 जुलाई तक जीएमआर स्पोर्ट्स एरेना, राजम, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में सिन्हा ने 120 किग्रा भार वर्ग में कुल 435 किलोग्राम वजन (180 स्क्वाट, 95 बेंच प्रेस, 160 डेड लिफ्ट) के साथ स्वर्ण पदक अर्जित कर प्रदेश और उत्तराखण्ड पुलिस का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 23 राज्यों से कुल 456 भारोत्तोलकों ने प्रतिभाग किया था। उन्होंने बताया कि इसके साथ अब सिन्हा आगामी आठ से 15 अक्टूबर तक मंगोलिया की राजधानी उलान बाटोर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भी चयनित हो गये हैं।

# भारतीय फुटबॉल पर आईएमटी करेगा शोध

गाज़ियाबाद। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने भारत में फुटबॉल संस्कृति को बढ़ाने, अनुसंधान शुरू करने और भारत में फुटबॉल के विस्तार के तरीकों को लागू करने के लिये सोमवार को गाजियाबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (आईएमटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
एआईएफएफ महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरण ने यहां आईएमटी परिसर में समझौते के विवरण पर चर्चा करने के लिये आईएमटी निदेशक डॉ. विशाल तलवार से मुलाकात की।
इस समझौते के तहत आईएमटी भारत में फुटबॉल को रणनीतिक रूप से आगे ले जाने के लिये अनुसंधान और अध्ययन करेगा। एआईएफएफ इन अध्ययनों के निष्कर्ष पर काम करते हुए खेल योजनाओं के सफल कार्यान्वयन में आईएमटी की सहायता करेगा।
एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस समझौते पर कहा, अनुसंधान और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में प्रगति के मामले में भारतीय फुटबॉल नये क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने अपने दीर्घकालिक रणनीतिक रोडमैप विज़न 2047 के लिये निर्धारित लक्ष्यों की ओर बढ़ते हुए आईएमटी के साथ सहयोग किया है।
डॉ. प्रभाकरण ने कहा, हमारे अध्यक्ष कल्याण चौबे और एआईएफएफ कार्यकारी समिति की ओर से मैं हमारे साथ जुड़ने के लिये आईएमटी गाजियाबाद के प्रबंधन, डॉ. विशाल, डॉ. कनिष्क और अन्य सभी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि यह साझेदारी हम सभी के लिये फायदेमंद साबित होगी।
डॉ. तलवार ने कहा, आज यहां आने के लिये पूरी टीम और डॉ. शाजी को धन्यवाद। आईएमटी गाजियाबाद के साथ यह विशेष साझेदारी विभिन्न कारणों से मेरे दिल के करीब है। हम रणनीति, कार्यान्वयन, अनुसंधान, समझ, विश्लेषण और तकनीकी योगदान के माध्यम से देश में खेल के विकास में योगदान दे सकते हैं। प्रबंधन संस्थानों ने लंबे समय तक अपना ध्यान बहुत सीमित रखा। हमारे पास बहुत सारी प्रतिभाएं, अच्छे छात्र, संकाय, पूर्व छात्र आधार आदि है जिसका उपयोग हमें देश में खेल के विकास के लिये करना चाहिए।

# 25 जून के बाद नहीं दिखे चीन के फॉरेन मिनिस्टर

## टीवी एंकर से अफेयर की वजह से हटाए जाने के कयास, दिसंबर में संभाला था पद

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री क्विन गेंग को पद से हटाए जाने की खबरें सामने आ रही हैं। वेस्टर्न मीडिया की रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गेंग का चीन की एक मशहूर टीवी एंकर से अफेयर था, इसकी वजह से उन्हें फॉरेन मिनिस्टर की पोस्ट से हटा दिया गया है।
25 जून को गेंग ने श्रीलंकाई विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। इसके बाद से वो पब्लिक प्लेटफॉर्म पर नजर नहीं आए हैं। 57 साल के गेंग के बारे में चीनी मीडिया का कहना है कि वो बीमार हैं। हालांकि वेस्टर्न मीडिया कुछ और ही कहानी बयां कर रहा है।

### सात महीने पहले बने थे फॉरेन मिनिस्टर

ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स' ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि गेंग को पद से हटा दिया गया है और इसके लिए उनकी खराब सेहत को वजह बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक एग्रेसिव डिप्लोमैसी के लिए मशहूर 57 साल के गेंग का चीन की 40 साल की टीवी प्रेजेंटर फू जियोतियान से अफेयर है। कम्युनिस्ट पार्टी को लगता है कि इस अफेयर की वजह से उसकी बदनामी हो रही है।



रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि गेंग के अफेयर की बात कन्फर्म होने के बाद पहले उन्हें साइडलाइन किया गया और बाद में हटा दिया गया। यही वजह है कि वो किसी पब्लिक प्लेटफॉर्म पर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने दिसंबर में पद संभाला था।
जियोतियान ने कुछ महीनों पहले गेंग का इंटरव्यू लिया था। इसके बाद भी उन्हें गेंग के साथ कई बार देखा गया। लोकल सोशल मीडिया नेटवर्क पर गेंग के अफेयर की खबरें सामने आईं तो उन्हें इस्तीफा देने के कह दिया गया। हालांकि विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करने से इनकार करते हुए पिछले हफ्ते सिर्फ यही कहा था कि फॉरेन मिनिस्टर की सेहत ठीक नहीं है। वो पिछले हफ्ते जकार्ता में एक अहम मीटिंग में भी शामिल नहीं हुए थे।

### पुराने विदेश मंत्री ही संभाल रहे जिम्मेदारी

गेंग की गैरमौजूदगी में उनके पहले विदेश मंत्री रहे वांग यी फॉरेन मिनिस्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। हालांकि इसके पहले उन्हें भी साइड लाइन किया जा चुका है। कहने को तो उन्हें स्पेशल अपॉइंटमेंट दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद वो किसी अहम मीटिंग में नजर नहीं आए।
वांग यी को प्रेसिडेंट जिनपिंग का फॉरेन अफेयर्स एडवाइजर बनाया गया था। अब गेंग की गैरमौजूदगी में उन्हें ही फॉरेन मिनिस्टर की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। पिछले दिनों अमेरिकी फॉरेन मिनिस्टर से बातचीत भी वांग ने ही की थी।
खास बात ये है कि गेंग के साथ ही जियोतियान भी न सिर्फ टीवी स्क्रीन से गायब हो गई हैं, बल्कि उन्हें भी 25 जून के बाद नहीं देखा गया है। इस टीवी एंकर ने कैम्ब्रिज से पोस्ट ग्रेजुएशन किया है और उन्हें चीन का सबसे महंगा टीवी एंकर माना जाता है।

### मार्च से अफेयर की खबरें

ब्रिटिश वेबसाइट और अखबार 'डेली मेल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक गेंग और जियोतियान का अफेयर मार्च 2022 में शुरू हुआ था। तब गेंग वॉशिंगटन में पोस्टेड थे और जियोतियान ने वहां उनका इंटरव्यू किया था। इसके बाद भी दोनों को कई बार साथ देखा गया।

# क्रिमिया में ब्रिज पर अटैक, 2 लोगों की मौत

## यूक्रेन समेत अमेरिका-ब्रिटेन इस आतंकी हमले के इंचार्ज; ग्रेन डील से बाहर हुआ : रूस

मॉस्को। रूस के कब्जे वाले क्रिमिया में एक ब्रिज पर रविवार देर रात अटैक हुआ । इसमें 2 लोगों की मौत हो गई ।रूस ने इस हमले का आरोप यूक्रेन पर लगाया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में जान गंवाने वाला एक दंपत्ति है। इनकी बच्ची भी घायल हुई है। अटैक के कई वीडियोज वायरल हो रहे हैं। इनमें टूटा हुआ ब्रिज दिखाई दे रहा है।
हमले के तुरंत बाद लोकल प्रशासन ने ब्रिज पर ट्रैफिक को रोक दिया। ये हमला रूस-यूक्रेन के बीच हुई ग्रेन डील खत्म होने के एक दिन पहले हुआ है। दरअसल, जंग के चलते पिछले साल ब्लैक सी में सामान की डिलीवरी को लेकर दोनों देशों के बीच सेफ रूट देने की एक डील कराई गई थी। कल इस डील कल के खत्म होने की आखिरी तारीख है। इससे दोनों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

### रूस ने ब्रिटेन- अमेरिका को भी घेरा

रूस ने क्रिमिया में हुए हमले का आरोप न सिर्फ यूक्रेन बल्कि अमेरिका और ब्रिटेन पर भी लगाया है। रूस ने कहा है कि इस आतंकी हमले का इंचार्ज कोई और नहीं बल्कि ब्रिटेन और अमेरिका हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक जिस क्रेच ब्रिज पर हमला हुआ है वो रूस के लिए काफी अहम है।
अगर कुछ घंटे के लिए भी इस पर आवाजाही बंद करनी पड़ी तो इससे रूस को जंग में नुकसान पहुंचता है। इसकी वजह ये है कि रूसी सेना के लिए जंग में इस्तेमाल होने वाला जरूरी सामान इस रास्ते से पहुंचाया जाता है। वहीं, रूस ने घोषणा की है कि वो अब यूक्रेन के साथ हुआ ब्लैक सी ग्रेन डील का हिस्सा नहीं रहेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता डिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि डील से बाहर होने का ब्रिज पर हुए हमले से कोई संबंध नहीं है।
रूस-यूक्रेन जंग के बाद अफ्रीकी देशों में अनाज की भारी कमी हो गई थी। जंग के बाद यूक्रेन से अनाज और तेल बीजों का निर्यात लगभग बंद हो गया था। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे लेकर चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था- अगर युद्ध लंबा खिंचा और रूस, यूक्रेन से अनाज की सप्लाई सीमित रही तो करोड़ों लोगों के गरीबी के जाल में फंसने का खतरा है। राजनीतिक अशांति बढ़ेगी, बच्चों की शारीरिक वृद्धि प्रभावित होगी और भुखमरी फैलेगी।
इसकी वजह ये थी कि काफी देश यूक्रेन से गेहूं इम्पोर्ट करते हैं, जो ब्लैक सी के जरिए किया जाता है। जंग के शुरुआती दिनों में रूस और यूक्रेन ब्लैक सी से गुजरने वाले एक-दूसरे के जहाजों पर हमला करने लगे थे।

### हांगकांग में तालीम तूफान को लेकर आठ नंबर की चेतावनी जारी

हांगकांग। हांगकांग वेधशाला ने सोमवार सुबह दक्षिण-पूश्चिम तूफान या तूफान के संकेत को लेकर आठ नबंर की चेतावनी जारी की। तालीम तूफान के प्रभाव को देखते हुए स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे तक यह चेतावनी प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि आठ नंबर चेतावनी हांगकांग की मौसम प्रणाली में तीसरी सबसे गंभीर चेतावनी है। इस चेतावनी के मद्देनजर हांगकांग के शेयर बाजार में कारोबार को बंद कर दिया गया है और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कई उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। हांगकांग डिज्नीलैंड को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। सोमवार को अपराह्न एक बजे तक तालीम तूफान हांगकांग के दक्षिण-पश्चिम में 270 किलोमीटर दूर स्थित था। करीब 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुआंगडोग प्रांत के लेईझोउ प्रायद्वीर की ओर बढ़ने की उम्मीद है।

### फिलीपींस में ज्वालामुखी से 1,624 लोग सांस की बीमारियों से पीड़ित

मनीला। फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को कहा कि फिलीपींस में सबसे सक्रिय मेयोन ज्वालामुखी से लावा और विभिन्न प्रकार की गैस बाहर आने के कारण विस्थापित हुए कम से कम 1,624 लोग तीव्र श्वसन संक्रमण से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य अवर सचिव एनरिक तायाग ने कहा कि अल्बे प्रांत में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया है कि अस्थायी आश्रयों में कुछ लोग खांसी, सर्दी और गले में खराश से पीड़ित हैं। तायाग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोगों में खांसी, सर्दी और गले में खराश बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि हालाँकि निकासी केंद्रों में श्वसन संक्रमण का कोई प्रकोप नहीं है। आठ जून से ज्वालामुखी से लावा बाहर आने लगा और अधिकारियों ने मनीला से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मेयोन ज्वालामुखी के तल पर छह किलोमीटर के खतरे वाले क्षेत्र के लगभग 19,000 निवासियों को बाहर निकाला है। फिलीपीन ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान शैक्षणिक संसथान ने मेयोन ज्वालामुखी के आसपास चेतावनी स्तर को पांच के पैमाने पर तीन पर बनाए रखा। शंकु के आकार का ज्वालामुखी निवासियों के लिए खतरा बना हुआ है और उन्हें अपने घरों में लौटने से रोक रहा है। विस्थापित लोगों को अस्थायी रूप से कम से कम 27 सरकारी-संचालित आश्रयों में रखा गया है।

### 'तालीम' के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

बीजिंग। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने सोमवार को टाइफून 'तालीम' के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। इस साल के चौथे टाइफून से देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में तूफान और मूसलाधार बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विभाग के अनुसार सोमवार सुबह 5 बजे दक्षिणी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के झानजियांग शहर से लगभग 375 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व के दक्षिण चीन सागर में आया तूफान बढ़ी हुई तीव्रता के साथ लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम से उत्तर की ओर बढ़ेगा। मौसम विभाग ने कहा, यह सोमवार रात दक्षिण चीन में गुआंग्डोंग प्रांत और हैनान प्रांत के बीच तटीय इलाकों से टकराएगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार सुबह से मंगलवार सुबह तक ग्वांगडोंग, गुआंग्शी, हैनान और फुज़ियान के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है, जबकि ग्वांगडोंग, गुआंग्शी और हैनान के तटीय क्षेत्रों और दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्सों में बहुत तेज हवाएं चलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इनडोर और आउटडोर दोनों समारोहों के संचालन को निलंबित करने के लिए एक सलाह जारी की है और कमजोर घरों में रहने वाले लोगों को समय से हटाये जाने की सिफारिश की है। इसने संभावित भूवैज्ञानिक आपदाओं के खिलाफ आपातकालीन तूफान की तैयारी और सावधानियों का भी आह्वान किया है।

### तूफान के कारण 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द

न्यूयार्क। तूफान प्रभावित अमेरिका के पूर्वोत्तर हिस्से में 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। संघीय उड्डयन प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार, तूफान और भारी बारिश के कारण न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के प्रमुख हवाई अड्डों पर रविवार शाम को बड़े पैमाने पर उड़ानें बाधित हुईं। फ्लाइट-ट्रैकिंग साइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, न्यू जर्सी के नेवार्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सबसे अधिक उड़ाने रद्द कर दी गयी हैं। यहां पर रविवार शाम तक 362 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 337 उड़ानें विलंबित हुईं। वहीं न्यूयॉर्क में जॉन एफ कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 318 उड़ानें रद्द और 426 उड़ानें विलंबित हुयीं। शहर के एक अन्य हवाईअड्डे लागार्डिया हवाईअड्डे पर रद्द की गई उड़ानों की संख्या 270 तक पहुंच गई है। बोस्टन लोगान अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भी रविवार शाम को आंधी के कारण उड़ानें रद्द कर दी गयीं। फ्लाइटअवेयर डेटा से पता चला कि लगभग 260 उड़ानें रद्द कर दी गईं। अमेरिका के पूर्वोत्तर में 5.60 करोड़ से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं। रविवार को हुई भारी बारिश के कारण न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, पेंसिल्वेनिया, डेलावेयर और मैरीलैंड के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आने से बिजली आपूर्ति ठप्प कर दी गयी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादक: प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा सौंपा गया ज्ञापन

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह,जिला संगठन मंत्री हिमांशु मिश्रा के नेतृत्व में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट भवन में सौंपा गया। नगर मंत्री आशिका पांडे ने बताया विद्यालयों द्वारा प्रतिवर्ष ड्रेस और पुस्तक बदल दिए जाने के कारण मध्यमवर्गीय परिवार को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिस कारण उन पर आर्थिक बोझ पड़ता है,मगर विद्यालय सुविधा शुल्क लेने के बाद भी प्रयोगशाला तथा खेल मैदान के प्रति उदासीन रखते हैं। जिला संगठन मंत्री हिमांशु ने बताया जिले में कई अवैध तथा मानक विहीन विद्यालय संचालित हो रहे हैं, लेकिन अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए नाम मात्र की संख्या में विद्यालय पर कार्रवाई करके अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, विद्यार्थी परिषद किसी भी कीमत पर मनमानी को बर्दाश्त नहीं करेगा। जिला संयोजक अंबुज भार्गव ने कहा बलरामपुर जिले के प्रतियोगी परीक्षा के कोचिंग सेंटर अवैध रूप से संचालित हो रहे तथा विद्यार्थियों से मनमाने तरीके से फीस वसूली हो रही है, बिना मान्यता के कोचिंग सेंटर पर तत्काल कार्रवाई हो। ज्ञापन देने में सह विभाग छात्रा प्रमुख छवि,निशांत,अमन,जयशंकर,हिमांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारतीय इंटरकॉलेज के उत्कृष्ट व मेधावी छात्रों को कॉलेज के अध्यक्ष ने किया पुरस्कृत



सोनभद्र। भारतीय इण्टर कालेज घोरावल में प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करते विद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार चतुर्वेदी एवम विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश देव पाण्डेय रहे।अध्यक्ष ने छात्र –छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र के अन्दर प्रतिभा छिपी हुई है, सभी छात्र मेहनत से पढ़ाई करें और विद्यालय तथा अपने परिवार का नाम ऊचां करें। अध्यक्ष ने आगे कहा कि अनुशासन ही देश को महान बनाता है, सभी राष्ट्र के गौरव हैं अतएव राष्ट्र की गरिमा रखें व चरैवेति–चरैवेति की भावभूमि पर सतत अग्रसर रहें।पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवम कर्मचारी सक्रियता से सन्नद्ध रहे। शिक्षकों में राजेश्वरी सिंह, अशोक मिश्र, लवकुश चौबे, उमामहेश्वर शुक्ल, सुमित , अरुण सिंह, रमेश राम पाण्डेय, राजकुमारी, प्रमोद, अनिल, संतोष तिवारी, रामानन्द पाण्डेय, ब्रह्मानन्द शुक्ल, दिवाकर, उमेश शुक्ल, कमलेश, सुग्रीव, नागेंद्र सिउमेश किजोर मिश्र, जय प्रकाश आदि मौजूद रहे। विशेष रूप से पुरस्कृत होने वाले शिक्षार्थियों में गौरव गुप्ता, आदर्श सेठ, प्रिया, उन्नति मोदनवाल, स्वाती मिश्रा, शिप्रा मिश्रा, कीर्ति पाण्डे, उत्कर्ष चौबे, हसीना, उज्ज्वल तिवारी, अंबुज यादव, अनामिका मौर्य, कृश्रांश शुक्ल, सुरभि श्रीवास्तव, फलक नाज, आरुषि , यस्मिन, सपना तथा रिंकी तिवारी अग्रगण्य रही जिन्हे आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा गया।

### पी के मिश्रा की अध्यक्षता में की गयी जी20 शिखर बैठक की तैयारियों की समीक्षा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ पी के मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को यहां भारत की जी20 की अध्यक्षता पर समन्वय समिति की छठी बैठक में जी20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों से संबंधित प्रारंभिक पहलुओं की समीक्षा की गयी। विश्व अर्थव्यवस्था में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान करने वाले प्रमुख विकासित और विकासशील देशों के प्रभावशाली मंच जी20 के नेताओं की बैठक नौ और 10 सितंबर नई दिल्ली में होगी। राजधानी के प्रगति मैदान में विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी–सह–सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) में आयोजित समीक्षा बैठक में शिखर सम्मेलन स्थल पर व्यवस्थाओं के साथ–साथ प्रोटोकॉल, सुरक्षा, हवाई अड्डे के समन्वय, मीडिया, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में व्यवस्था आदि से संबंधित सभी पहलुओं का जायजा लिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक डॉ मिश्रा ने इस काम में जुड़ी सभी एजेंसियों से मुलाकात की। बैठक में सभी तैयारियों की जांच के लिए छद्म अभ्यास करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि विभिन्न एजेंसियां निर्बाध तरीके से काम कर सकें।

### भारत की सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक शक्ति का वाहक बने युवा राजनयिक : धनखड़

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को युवा राजनयिकों से भारत की सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक शक्ति का संदेश वाहक बनने का आह्वान करते हुए कहा कि वे मानवता के छठे हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। धनखड़ ने उप राष्ट्रपति निवास पर भारतीय विदेश सेवा के युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें भारत की संस्कृति और सभ्यता की पूरी जानकारी रखनी चाहिए। युवा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक शक्ति विश्व में उचित स्थान प्राप्त कर सके। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत को वैश्विक परिदृश्य में अभूतपूर्व स्थान और सम्मान प्राप्त हो रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है और देश निवेश और कारोबार का गंतव्य स्थल बन रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारत में एक नयी आशा की किरण दिखाई देती है। धनखड़ ने कहा कि विश्व समुदाय में भारत का विशेष स्थान है। भारत सरकार की ओर से आने वाले किसी भी सुझाव को सबसे शक्तिशाली देश गंभीरता से लेटे हैं।

# यूपी की जैव विविधता पर 6 वर्षों की मेहनत का दिखने लगा सकारात्मक असर

## योगी के पौधरोपण महाअभियान से मजबूत हुई है प्रदेश की जैवविविधता

**लखनऊ।** प्रदेश को हरा भरा बनाने, पर्यावरण संतुलन स्थापित करने, जन–जन में पौधरोपण के संस्कार विकसित करने व बच्चों को प्रकृति की व्यावहारिक शिक्षा देने के लिए तथा कृषकों की आय में वृद्धि के लिए, बीते छह साल से योगी सरकार पौधरोपण को महाअभियान की तरह चला रही है। विभिन्न विभागों व व्यापक जन सहभागिता से अबतक 135 करोड़ पौधे प्रदेश में रोपित किए जा चुके हैं। इस साल भी वर्षाकाल में 35 करोड़ पौध रोपित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बीते छह साल से चलाए जा रहे इस महाअभियान के सुखद परिणाम भी सामने आने लगे हैं। प्रदेश की जैव विविधता को मजबूत आधार देने के लिए पौधरोपण अभियान किसी वरदान से कम साबित नहीं हुआ है।



### वनों के समुचित संरक्षण से वन्य जीवों की संख्या में हुआ इजाफा

पौधरोपण अभियान का ही नतीजा है कि प्रदेश में हरित क्षेत्रफल में वृद्धि दर्ज की गई है। वृक्षों के समुचित संरक्षण के फलस्वरूप वन्य जीवों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। प्रदेश में राष्ट्रीय पशु बाघ की संख्या विगत पांच साल में 118 से बढ़कर 173 हो गयी है। इसी प्रकार हाथियों की संख्या भी 265 से बढ़कर 352 हो गयी है। यही नहीं राज्य पक्षी सारस की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विगत पांच वर्षों में सारस की संख्या 13,670 से बढ़कर 17,586 हो गयी है। बता दें कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्ष 2018 में टाइगरों की संख्या 25 थी जो बढ़कर 65 होने पर बाघ संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं यूएनडीपी, आईयूसीएन, जीटीएफ, डब्ल्यू डब्ल्यू ई, कैट दि लॉन्स शेयर की संयुक्त सहभागिता से पीलीभीत टाइगर रिजर्व को टीएक्स टू का प्रथम ग्लोबल अवार्ड भी मिल चुका है। जैव विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने के बाद से ही पौधरोपण अभियान को शासन की प्राथमिकता में ला दिया है। स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट–2021 के अनुसार उत्तर प्रदेश में वनावरण तथा वृक्षावरण में 794 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। पौधरोपण महाअभियान का ही नतीजा है कि प्रदेश की जैव विविधता के संरक्षण को मजबूती मिली है। साथ ही साथ नये–नये प्राणी उद्यानों के जरिए भी जीवों के संरक्षण के लिए योगी सरकार पूरी संजीदगी के साथ काम कर रही है। फिर चाहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रथम प्राणि उद्यान शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान का शुभारम्भ हो या कैम्पियरगंज रेंज के अन्तर्गत स्थापित रेड हेडेड गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रयासों का ही नतीजा है कि लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान को अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एक्यूरियम (वाजा) की सदस्यता मिल चुकी है।

## मैं मुख्यमंत्री और आप जनता नहीं, हम एक परिवार हैं : शिवराज

राजगढ़। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 'मैं मुख्यमंत्री और आप जनता नहीं, हम सब एक परिवार हैं। सरकार को आपका भाई, आपका मामा चला रहा है। आज आपका स्नेह और प्रेम देखकर मैं अभिभूत हूँ। मेरी बहनों ने मुझ पर फूलों की वर्षा की है, मैं संकल्प लेता हूँ कि उनके मार्ग में कभी काँटे नहीं आने दूँगा। चौहान आज जिले के ब्यावरा में विकास यात्रा के बाद विकास पर्व में जन–समुदाय को संबोधित कर रहे थे, जिसमें बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने 33 करोड़ 78 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि–पूजन किया। इनमें 100 सीटर बालक–बालिका छात्रावास और 6 मार्गों का लोकार्पण एवं एक मार्ग का भूमि–पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें विकास कार्यों के साथ ही जनता की समस्याओं का अधिकतम समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है। अधूरी नल–जल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा जिससे नागरिकों को उनका लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण बहनों के हित में ऐतिहासिक कार्य किया है। सभी ग्रामों में नल से पानी देंगे, ताकि घर में ही महिलाओं को पानी मिल जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूखी खेती का दर्द किसान ही जानता है। राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक खेत में सिंचाई का पानी पहुँचाना है। जिनके खेत में अतिवर्षा से पानी भर गया है उन्हें प्रावधान के अनुसार समुचित राहत राशि दी जाएगी। चौहान ने कहा कि प्रदेश में जनता की जिन्दगी बदलने का अभियान चल रहा है। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह–निकाह और संबल जैसी योजनाओं तथा आजीविका मिशन आदि के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण किया जा रहा है।

## 'सहारा रिफण्ड पोर्टल' का मंगलवार को उद्घाटन करेंगे अमित शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को नयी दिल्ली में 'केन्द्रीय पंजीयक– सहारा रिफण्ड पोर्टल' का उद्घाटन करेंगे। सहकारिता मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि यह कदम सहारा समूह की सहकारी सहकारी समितियों के वैध जमाकर्ताओं की वैध जमा धनराशि के भुगतान के संबंध में उच्चतम नयायालय के निर्देश के अनुसार उठाया जा रहा है।

बयान में कहा गया है, सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं की वैध जमा धनराशि के भुगतान संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए सहकारिता मंत्रालय के आवेदन पर, उच्चतम न्यायालय ने 29 मार्च 2023 को एक आदेश दिया था। न्यायालय ने सहारा समूह की सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकर्ताओं के वैध देयों के भुगतान के लिए 'सहारा–सेबी रिफंड खाते' से 5000 करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित किए जाने का आदेश दिया था।

बयान के मुताबिक सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारा यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के प्रामाणिक जमाकर्ताओं द्वारा दावे प्रस्तुत करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है।

मंत्रालय का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और श्री शाह के नेतृत्व में देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और सहकारी समितियों के सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए अनेक पहल की हैं।

## विपक्षी दल देशहित के एजेंडे पर मजबूती के साथ एकजुट : खडगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि समान विचारधारा वाले विपक्षी दल राष्ट्र और जनहित के अपने एजेंडे पर एकजुट हैं और इस मकसद को हासिल करने की अच्छी शुरुआत हो गई है। खडगे ने ट्वीट कर कहा अच्छी शुरुआत हो गई, मतलब आधा काम पूरा। समान विचारधारा वाले विपक्षी दल सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और राष्ट्रीय हित के एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा हम देश के लोगों को विभाजन, नफरत की राजनीति, आर्थिक असमानता और लूट की निरंकुशता तथा जनविरोधी नीति से मुक्त करना चाहते हैं। हम ऐसा भारत चाहते हैं जहां न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के संवैधानिक सिद्धांत की सत्ता हो। हम ऐसा भारत चाहते हैं जहां सबसे कमजोर व्यक्ति की आशा और उम्मीद बरकरार रहे। ऐसे भारत के लिए हम एकजुट होकर खड़े है।

# भारत–नेपाल संबंध पर वेबिनार

### नेपाल के सिद्धार्थ भारत में होते बुद्ध, श्रीराम–जानकी और बुद्ध हैं भारत–नेपाल के साझा आदर्श

वीरगंज (नेपाल)। आरजेएस–पीबीएच,दिल्ली के तत्वावधान में आज वैश्विक सकारात्मकता अभियान के तहत भारत–नेपाल संबंध पर वेबिनार का आयोजन किया गया । आरजेएस के राष्ट्रीय संयोजक उदय मन्ना के मार्गदर्शन में आयोजित वेबिनार में नेपाल( वीरगंज)से जुड़कर नेपाल के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्री राम –माता जानकी का अमर संबंध भारत–नेपाल मैत्री संबंध को अमरता प्रदान करता है। रामायण,गीता जैसे ग्रंथ दोनों देशों की साहित्यिक धरातल को भी सकारात्मक आयाम उपलब्ध कराता है। मैंने भी गीता का भाष्य भोजपुरी में किया है। भाषा की चर्चा करते हुए प्रो प्रमोद पाण्डेय हेरम्ब ने कहा कि भोजपुरी,मैथिली,मगही,हिन्दी दोनों देशों की बोलियों को एकरुपता देती है। संचालन करते हुए पत्रकार सह साहित्यकार राजीव गौतम ने कहा कि नेपाल के कपिलवस्तु के युवराज



सिद्धार्थ भारत में भगवान गौतम बुद्ध बनते हैं ।संस्कृति व प्रकृति दोनों देशों के संबंध को कालजयी समरुपता और सकारात्मकता प्रदान करती है। पर्वतराज हिमालय और गंगा , बागमती,कोशी,कमला जैसी नदियां भारत–नेपाल संबंध के लिए अटूट सेतु का काम करती है ।नेपाल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सह शिक्षाविद बृजमोहन तिवारी ने कहा कि भारत के सहयोग से नेपाल में हुए शिक्षा ,सड़क, स्वास्थ्य और रेल आदि के विकासात्मक कार्य से संबंध में मजबूती और सकारात्मकता आती रही है ।भारत–नेपाल के बीच पूर्व से बेटी–



भारत के साहित्यकार राजीव गौतम वीरगंज ,नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में

रोटी का संबंध है । नेपाल के इतिहासकार विजय किशेर पाण्डेय ने कहा कि नेपाल के राजा के गुरु भारत के गोरखपुर के होते थे ।साथ ही भारत के केदारनाथ महादेव मंदिर में पूजा की पूर्णता नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा करने से होती है। मान्यता है कि महादेव का धड़ भारत के केदारनाथ में और सिर पशुपतिनाथ में हैं।

## अपने प्रदेश में जनाधार नहीं, विपक्षी पूरे देश की कर रहे परिक्रमा : स्वाती सिंह

- अखिलेश यादव के ट्वीट का बिना नाम लिये दिया करारा जवाब
- घर–घर जाकर मांगा समर्थन, भाजपा के नीतियों की दी जानकारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोग कर्नाटक में बैठक कर इतरा रहे हैं। भले ही उनका उत्तर प्रदेश का जनाधार खिसकता जा रहा है। अपने प्रदेश को तो वे संभाल नहीं पाये, पूरे देश की परिक्रमा कर ऐसे लोगों का गठबंधन बनाने में जुटे हैं, जिसके पास जनाधार ही नहीं है।

स्वाती सिंह ने कहा कि विपक्ष चाहे जितना एकजुटता का नाटक कर ले लेकिन वे भाजपा को हरा नहीं सकते। इसका कारण है भाजपा पूरे राष्ट्र का विकास चाहती है। विपक्ष अपने कुनबे का विकास चाहता है। उसको किसी प्रदेश या देश के विकास से कुछ भी लेना–देना नहीं है। उन्होंने यह बयान सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में 'संपर्क से समर्थ' के दौरान दिया। पिछले चार दिनों से स्वाती सिंह घर–घर जाकर संपर्क कर रही हैं। लोगों से भाजपा की नीतियों को बताकर समर्थन मांग रही हैं। सोमवार को उन्होंने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में संपर्क अभियान चलाया। इसी दौरान उनसे जब अखिलेश यादव के ट्वीट 'कर्नाटक आना हमेशा अच्छा लगता है क्योंकि अपनी ज़िंदगी के कई अध्याय यहां पढ़े हैं। अब यहां से देश का एक और ऐतिहासिक अध्याय लिखेंगे !इतिहास यहां से जुड़ा है, अब भविष्य भी जुड़ेगा। पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष इस समय बौखला गया है। स्वाती सिंह ने कहा कि विपक्ष अपना कुनबा तो बचा नहीं पा रहा है। पूरे विपक्ष में भगदड़ सी स्थिति है। कब उनका कुनबा ध्वस्त हो जाएगा, कहा नहीं जा सकता। वे सिर्फ उसको बचाने के लिए कसरत कर रहे हैं। वे स्वयं जानते हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह उनके पास कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही एक मात्र प्रधान सेवक हैं, जिनके कार्यकाल में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। रूस और अमेरिका दोनों भारत की ओर मित्रता का हाथ बढ़ा रहे हैं।

## राजकोट के 11 रेल कर्मी सम्मानित

**राजकोट।** रेल संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए पश्चिम रेलवे में गुजरात के राजकोट मंडल के 11 कर्मचारियों को मंउल रेल प्रबंधक ने सम्मानित किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार मीना ने बताया कि रेल संरक्षा (सेफ्टी) में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजकोट मंडल के 11 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार जैन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अप्रैल और मई, 2023 के महीनों में रेल संरक्षा में बेहतरीन कार्य के लिए इन कर्मचारियों को यह अवार्ड दिया गया है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के नाम हैं महिपाल मकवाना (ट्रेन मेनेजर–हापा), उत्कर्ष प्रताप सिंह (स्टेशन मास्टर–लखतर), उदुभाई पनारा (गेट मेन–एलसी 04), अरुण कुमार (स्टेशन मास्टर–बिलेश्वर), जयेश वी (गेट मेन–एलसी 41), अशोक मीणा (ट्रेन मेनेजर–सुरेन्द्रनगर), सी एस झाला (मंडल वाणिज्य निरीक्षक–राजकोट), साड़े मंतू (गेट मेन–एलसी 177), महेश के (लोको पायलट–सुरेन्द्रनगर), के वी चावडा (स्टेशन अधीक्षक–बजरंगपुरा) और तरुण नैनीवाल (स्टेशन मास्टर–गोरिंझा)।

## घोटालों पर कार्रवाई से बचने के लिए जुड़ा भानुमति का कुनबा है संप्रग : नड्डा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को राजनीतिक स्वार्थ की खोखली बुनियाद पर बना 'भानुमति का कुनबा' बताया और आज कहा कि 20 लाख करोड़ रुपए के घोटालों पर कार्रवाई से बचने के लिए यह गठबंधन बना है जिसके पास ना नेता है, ना नीयत, ना नीति और ना ही फैसला लेने की ताकत।

नड्डा ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक की पूर्वसंध्या पर पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आज कहा कि राजग की बैठक में अब तक देश की 38 राजनीतिक पार्टियों ने आने की पुष्टि की है और यह संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि बीते नौ साल में राजग का ग्राफ एवं दायरा बढ़ा है और राजनीतिक पार्टियों में विकास के एजेंडे पर चलने के प्रति चाहत बढ़ी है और उसी का परिणाम है कि राजग के दायरे में इतनी वृद्धि हुई है।

नड्डा ने राजग को देश की सेवा के लिए



समर्पित गठबंधन करार दिया और कहा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 25 साल पूरे कर रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के पूरे कार्यकाल एवं श्री मोदी के दो कार्यकाल के बाद भी राजग अटल है। उन्होंने कहा कि कल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक शाम को आहुत की गई है। पिछले 9 सालों में राजग का जो विकास का एजेंडा है, जो योजनाएं हैं, जो नीतियां हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही हैं, इसमें राजग के सभी दलों ने रूचि दिखाई है। पिछले नौ वर्षों में हमने प्रधानमंत्री मोदी का मजबूत नेतृत्व देखा है। इसे देश ने सराहा है और सकारात्मक माहौल बना है। देश का सामान्य नागरिक भी गौरव महसूस करता है।

## एनटीपीसियन्स क्रासिंग रिपब्लिक ग्रुप सोल्लास संपन्न हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गाजियाबाद।** एनटीपीसियन्स क्रासिंग रिपब्लिक ग्रुप का पहला 'गेट–टुगेदर क्वीन' आयोजन फाइन डाइन में आकर्षण से अभिमंडित रहा। प्रथम बार आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यालयों से सेवानिवृत्त तथा सेवारत कुल पैंतालिस विद्विज्जों की सहभागिता रही।कार्यक्रम में समुपस्थित सदस्यों के स्वागतोपरांत चली परिचय – वार्ता। तत्पश्चात आरंभ हुई प्रतिभागिता की श्रृंखला जो सुर– सरिता स्वरूप में अद्योपांत प्रवहमान रही गीतों, गजलों व विविध विधाओं की साहित्य सर्जना के स्वरों में। लय– ताल में कंठ से निबद्ध भाव भंगिमा बह चली सस्वर और हो उठी अभिगुंजित वायुमण्डलकमल में। कमलनाथ





ठाकुर, अनमोल अग्रवाल, अनीता श्रीवास्तव, कविता माथुर, प्रेमशीला श्रीवास्तव, डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, महेश प्रसाद ने गीत एवं गजल से प्रतिभागियों का स्वस्थ मनोरंजन कर मन बहलाया।

कार्यक्रम के अगले दौर में तम्बोला गेम कराया गया जिसमें बीश पी एस भाटिया, राजेश्वर उपाध्याय, यू के श्रीवास्तव, मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव, नेकी राम, सरोज कुमार श्रीवास्तव, एस के सिंह, राकेश पुंज, बिजेंद्र कुमार सिंघल, श्रीमती मजूमदार, अतुल माथुर, सरिता ठाकुर को विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अगले दौर में सहभोज से पूर्व कुलविंदर सिंह, हरिबंश सिंह बावा, एसश सीश गुप्ता, परमानंद नागराज, अर्चना श्रीवास्तव, जे के श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार, पीश केश सिंह, कल्याण चक्रवर्ती, तरनजोत कौर ने कविता एवं व्यंग्य की अलौडित – विलोडित प्रखर प्रस्तुतियां की जिससे मंत्रमुग्ध रहा श्रोत्रि समुदाय।

कार्यक्रम का सफल संचालन कमल नाथ ठाकुर ने किया तथा कार्यक्रम कुशल संयोजन किया बीश पीश एसश भाटिया, मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव, राकेश पुंज, डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर आदि ने सम्मिलित रुप से।

## विधायक सदर व अपर जिलाधिकारी ने यातायात सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

### यातायात नियमों के जागरूकता के प्रति चलाया गया प्रचार रथ : विधायक सदर

सोनभद्र। जीवन अनमोल है, इसे बचाना आवश्यक है इसके लिए सड़क सुरक्षा आम लोगों के लिए अनिवार्य है। जनहित से जुड़े यह भावोद्गार अभिव्यक्त किये सोनभद्र के विधायक सदर भूपेश चौबे ने। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत 17 जुलाई से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को चलाया जायेगा विशेष जागरूकता अभियान । यह उद्बोधन रहाअपर जिलाधिकारी का, आगे कहा अपर जिलाधिकारी ने कि पीडब्लूडी व परिवहन विभाग ब्लैक





स्पार्ट वाले स्थान को चिन्हित करें। विधायक सदर भूपेश चौबे व अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्रा द्वारा आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करने के साथ ही यातायात प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। समारोह में सड़क दुर्घटना से बचने के उपाय एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने के बारे में चर्चा की गई।

सदर विधायक भूपेश चौबे ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, इसे बचाना आवश्यक है इसके लिए सड़क सुरक्षा आम लोगों के लिए अनिवार्य है, तमाम नागरिकों का यह कर्त्व्य बनता है कि गलत ढंग से सड़कों पर चलने वाले लोगों को जागरूक करें ताकि उनकी जीवन रक्षा हो सके। विधायक सदर ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाने के लिए प्रदेश सरकार अब सख्त रवैया अपना रही है सड़क सुरक्षा को लेकर हम सभी यहां कुछ सुनने व जाने के लिए आये हैं, कुछ लोग आत्मसात भी करेंगे, किन्तु जैसे ही लोग रोड पर जाते हैं गाड़ी की स्पीड बढ़ जाती है, जिस कारण आये दिन दुर्घटना की घटना भी सुनने को मिलती रहती है, इसलिए हम सभी को इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

CMYK CMYK CMYK CMYK